


दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 238 जयपुर, मंगलवार, 06 अगस्त, 2024 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-द्वितीया , विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00




## पड़ोसी देश में आरक्षण विरोधी आंदोलन की परिणीति में सरकार ध्वस्त...

## प्रधानमंत्री पद छोड़ भागी



# बांग्लादेश में तख्ता पलट

■ हसीना भारत हिंडन एयरबेस पहुंचीं, फिर हुई लंदन रवाना

■ एनएसए अजित डोभाल मिले

**बेधड़क** | ढाका

बांग्लादेश में आरक्षण को लेकर शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन अब पूरी तरह से हिंसा में तब्दील हो चुका है। हिंसा के बीच सोमवार को पड़ोसी देश में तख्ता पलट हो गया। शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और देश छोड़कर चली गई हैं। उनके इस्तीफे के बाद बांग्लादेश सेना के प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की. सेना प्रमुख ने कहा, "पीएम शेख हसीना के इस्तीफा के बाद अब अब हम शासन करेंगे। अंतरिम सरकार का गठन करके देश चलाएंगे। हमारे देश का नुकसान हो रहा है। संपत्ति का नुकसान हो रहा है. मुझे दायित्व दीजिए, मैं सब संभाल लूंगा।"

जनरल वकार-उज-जमान ने कहा कि आपकी जो मांग है, उसे हम पूरा करेंगे। देश में शांति वापस लाएंगे. हम इस देश को अंतरिम सरकार से चलाएंगे।" उन्होंने प्रदर्शनकारियों से कहा, "तोड़फोड़-आगजनी मारपीट से दूर रहिए। आप लोग हमारे साथ मिलकर चलेंगे, तो हालात सुधरेंगे। मारपीट हिंसा से कुछ नहीं मिलेगा. संघर्ष और अराजकता से दूर रहिए।"

प्रदर्शनकारियों और सरकार के बीच टकराव में अब तक 98 लोगों की जान चली गईं और सैकड़ों अन्य घायल हुए। मारे गए लोगों में कई पुलिसकर्मी भी हैं। अब मिली जानकारी के अनुसार शेख हसीना भारत के हिंडन एयरपोर्ट उतरी। इस दौरान भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने शेख हसीना से मुलाकात की। वहीं, विदेश मंत्री संभवतः बांग्लादेश की स्थिति पर विचार-विमर्श के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले।

### प्रधानमंत्री शेख हसीना ने आनन फानन में छोड़ा देश, भारत पहुंचीं

■ हसीना को सेना ने दिया था महज 45 मिनट का अल्टीमेटम



### बांग्लादेश के पीएमएच गणभवन पर धावा

सेना ने उन्हें 45 मिनट का वक्त दिया था। तब हसीना ने आनन-फानन में पद से इस्तीफा या। उनके पद से हटते और आवास छोड़ते ही हजारों प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को उनके सरकारी आवास गणभवन पर धावा बोल दिया। इस बीच, सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमां ने सभी दलों की भागीदारी वाली अंतरिम सरकार बनाने की घोषणा की है।

### मेघालय ने लगाया बॉर्डर पर रात का कर्फ्यू

मेघालय के डिप्टी सीएम ने कहा है कि पड़ोसी देश में जारी उथल-पुथल के बीच राज्य ने ने बांग्लादेश के साथ अपनी सीमा पर रात का कर्फ्यू लगा दिया है।

### बांग्लादेश जाने वाली सभी ट्रेनें रद्द

भारतीय रेलवे ने बांग्लादेश में चल रहे छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बीच सोमवार को पड़ोसी देश जाने वाली सभी ट्रेनों का परिचालन स्थगित कर दिया। शेख हसीना ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया है और छात्रों के नेतृत्व में बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के बीच देश छोड़कर चली गई हैं। इसी के मद्देनजर रेलवे ने ये फैसला लिया है। प्रभावित ट्रेनों में कोलकाता-ढाका-कोलकाता मैत्री एक्सप्रेस (13109/13110), कोलकाता-ढाका-कोलकाता मैत्री एक्सप्रेस (13107/13108), कोलकाता-खुलना-कोलकाता बंधन एक्सप्रेस और ढाका-न्यू जलपाईगुड़ी-ढाका मिताली एक्सप्रेस शामिल हैं।

### बांग्लादेश की घटना को लेकर बंगाल पुलिस पूर्ण सतर्क

बंगाल पुलिस बांग्लादेश में हुई घटनाओं को लेकर सतर्क है। पुलिस की तरफ से सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा गया है कहा गया है कि पड़ोसी बांग्लादेश में मौजूदा स्थिति को देखते हुए, हमने सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट और वीडियो देखे हैं जो कलह और अशांति पैदा कर सकते हैं। कृपया अफवाहों पर ध्यान न दें, उत्तेजक वीडियो साझा न करें, फर्जी खबरों के जाल में न फंसें। राज्य प्रशासन सतर्क एवं सतर्क है।

### ममता बनर्जी ने की बंगाल में शांति रखने की अपील

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के लोगों से बांग्लादेश में चल रही अशांति और सत्ता परिवर्तन के बीच शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार इस संबंध में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा लिए गए फैसले का समर्थन करेगी। बांग्लादेश के घटनाक्रम पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पर प्रतिक्रिया देना विदेश मंत्रालय का काम है। केंद्र फैसला करेगा कि बांग्लादेश मुद्दे पर कैसे निपटें। सभी दलों के नेताओं से अपील की जाएगी कि वे भड़काऊ टिप्पणियां करने से बचें।

### शेख हसीना के उनकी बहन शेख रेहाना भी थीं... वायुसेना ने की अगवानी

शेख हसीना शाम करीब साढ़े 5 बजे गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर पहुंचीं। इस दौरान इमिग्रेशन की एक टीम भी हिंडन एयरबेस पर मौजूद थी। जानकारी के मुताबिक शेख हसीना ने ब्रिटेन में शरण मांग थी। हिंडन से वह लंदन के लिए रवाना हो गईं। इस सफर में हसीना के साथ उनकी बहन शेख रेहाना भी हैं। हसीना ने भारत के एनएसए अजित डोभाल ने मुलाकत की।

-पेज 8 एवं 10 भी देखें

## जरूरी खबर

### शहीद अग्निवीरों के परिवार को कारगिल पैकेज



**जयपुर।** राजस्थान में शहीद अग्निवीरों के परिवार को अब राज्य सरकार कारगिल पैकेज देगी। सोमवार को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के सवाल के लिखित जवाब में सरकार ने अग्निवीरों के लिए सुविधाएं देने की घोषणा की है। शहीद अग्निवीर की पत्नी को कारगिल पैकेज के तहत 25 लाख नकद, 25 बीघा नहरी जमीन या एमआईजी का मकान, सरकारी नौकरी, बच्चों की फ्री शिक्षा, माता-पिता को 5 लाख की एफडी और रोडवेज में फ्री यात्रा की सुविधा मिलेगी। अग्निवीर के स्थाई विकलांग होने की स्थिति में भी सरकार कारगिल पैकेज जैसी सुविधा देगी।

### तीज पर जयपुर शहर में आधे दिन का अवकाश



**जयपुर** । जयपुर शहर में तीज मेले पर राज्य सरकार ने आधे दिन का अवकाश घोषित किया है। 7 अगस्त को तीज के त्योहार के दिन जयपुर स्थित राज्य सरकार के समस्त कार्यालयों, राजकीय उपक्रमों,शिक्षण संस्थानों में आधे दिन का अवकाश रहेगा।

**राज्य सरकार का विकास का विजन**

## प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने को सरकार संकल्पित: CM

■ शर्मा बोले-विकास के लिए निवेश करने वालों को मिलेगा अनुकूल वातावरण

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में नवीकरणीय ऊर्जा का अहम योगदान है। इसलिए राज्य सरकार प्रदेश में पम्प भण्डारण परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने के लिए नीति लाने जा रही है।

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में विभिन्न विकासकर्ताओं के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन एवं पर्यावरण संरक्षण में पम्प भण्डारण परियोजनाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। ऐसी परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार एक स्पष्ट और ठोस नीति बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।



### निवेश आकर्षित करने के प्रयास होंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी नीति से निवेशकों को पम्प भण्डारण परियोजनाओं की स्थापना एवं संचालन के संबंध में स्पष्ट मार्गदर्शन मिलेगा और वे इस क्षेत्र में निवेश करने के लिए आकर्षित होंगे। उन्होंने विकासकर्ताओं से कहा कि वे अपने सुझाव राज्य सरकार को प्रेषित करें जिनका उचित परीक्षण कर राज्य सरकार आगामी नीति में शामिल करेगी।

### ये रहे मौजूद

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण अपर्णा अरोरा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल एवं प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं निजी विकासकर्ताओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### 7100 मेगावाट के प्रोजेक्ट्स के लिए निगम ने चिह्नित किए स्थान

बैठक में राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पम्प भण्डारण परियोजनाओं की प्रगति के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम ने प्रदेश में 8 संभावित स्थानों पर 7100 मेगावाट की पम्प भण्डारण परियोजनाओं का चिह्नीकरण किया है। वर्तमान में राजस्थान विंड एंड हाइब्रिड एनर्जी पॉलिसी- 2019 एवं राजस्थान अक्षय ऊर्जा नीति- 2023 के प्रावधानों के अंतर्गत पम्प भण्डारण परियोजनाओं पर कार्य किया जाता है।

**एसओजी को वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा के मामले में सफलता**

## परीक्षा में डमी कैंडिडेट्स बैठाने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

■ उधर, बांसवाड़ा में 4 शिक्षक सेवा से बर्खास्त

**बेधड़क** | अलवर अजमेर / बांसवाड़ा

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा 2022 में स्वयं के स्थान पर डमी कैंडिडेट्स बैठाने के मामले में मुख्य आरोपी रमेश कुमार राणा (37) को जालोर से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपनी जगह दो अन्य कैंडिडेट्स से परीक्षा दिलवाई थी। हालांकि दोनों कैंडिडेट्स अभी फरार है, जिनकी तलाश की जा रही है।

एसओजी की जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी ने अपने एडमिट कार्ड में एडिटिंग करके दो अन्य कैंडिडेट्स के नाम से कार्ड बनवाया था। बाद में इन्हें अपनी जगह एग्जाम दिलवाया था। फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से एसओजी अब पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार आरोपी कैंडिडेट को मामले में रिमांड पर लेकर पूछताछ जारी है। इसके साथ ही फरार दो डमी कैंडिडेट की तलाश भी जारी है।



### 15 दिन पहले तीन को किया बर्खास्त

पूर्व में इन्हें किया था बर्खास्त : गौरतलब है कि डमी अभ्यर्थी बैठाने के मामले में 15 दिन पहले ग्राम विकास अधिकारी सकनसिंह खड़िया, तृतीय श्रेणी अध्यापक बादर गरासिया, महेशचंद्र पटेल, अनूप डोडियार, महेंद्रसिंह, गीता देवदा, खातुराम और सविता डोडियार को बर्खास्त किया गया।

### अपनी जगह डमी कैंडिडेट बैठाने के एक आरोप में शिक्षक किए गए बर्खास्त

बांसवाड़ा जिले में डमी अभ्यर्थी बैठाकर राजकीय सेवा में चयनित होने वाले 4 टीचर्स को बर्खास्त कर दिया है। पुलिस थानों में दर्ज मामलों में पुलिस की ओर से दुराचरण संबंधी रिपोर्ट प्राप्त होने पर चार शिक्षकों नरेश कटारा लेवल 2 राउमावि-सातसेरा, रमेश चंद्र अड़ लेवल 2 राउमावि-पाटन, राजेंद्र कुमार लेवल 1 राप्रावि-दर्रा और दीपक कुमार लेवल 1 राउप्रावि-कजवाली को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। सोमवार को जिला परिषद से अनुमोदन के बाद राज्य सेवा से बर्खास्त करने का निर्णय किया गया।

**प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी**

## चार जिलों में बिगड़े हालात, टोंक के नगरफोर्ट में 13 इंच बारिश

- लगातार बारिश से बाढ़ के हालात, रेस्क्यू जारी, कई इलाके कराए खाली
- जोधपुर में ट्रैक पर पानी भरने से ट्रेनें रद्द, कई स्कूलें बंद
- ब्यावर जिले के ब्यावर के बांदनवाड़ा में ढही दो मंजिला पुरानी इमारत

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के कारण कई जिलों में बाढ़ के हालात उत्पन्न हो गए हैं। सोमवार को प्रदेश के जोधपुर, टोंक, बूंदी व अजमेर में भारी बारिश के चलते हालत बिगड़ गए। यहां रेस्क्यू टीमों ने मोर्चा संभालते हुए निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को पानी से बाहर निकालने का काम शुरू किया। भारी बारिश के चलते प्रदेश में रेल यातायात भी बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। पटरियों पर पानी भरने से कई ट्रेनों कैंसिल की गई है तथा कुछ का रूट डायवर्ट किया गया है। ब्यावर जिले के हरिपुर रेलवे स्टेशन से 20 किमी दूर लालपुर क्षेत्र में भारी बारिश के दौरान ट्रैक पर पहाड़ टूटकर गिर गया। इससे वहां से गुजर रही मालगाड़ी के तीन-चार डिब्बे पटरी से उतर गए। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि नगरफोर्ट में 321 एमएम बारिश दर्ज की गई है। वहीं कोटा, अजमेर,




### बूंदी, नागौर व अजमेर में बिगड़े हालात

पिछले 24 घंटे से प्रदेश के बूंदी, अजमेर, टोंक, व पाली व नागौर में हालात बिगड़ गए हैं। बूंदी जिले में सोमवार तड़के से बारिश का दौर जारी है। वहीं, नागौर में मूसलाधार बारिश का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है।

जोधपुर और उदयपुर संभागों में भी बीते 24 घंटों में मध्यम से भारी बारिश रिपोर्ट हुई है। नगरफोर्ट के अलावा भीलवाड़ा के शाहपुरा में 213 मिलीमीटर बरसात हुई है। बूंदी में भी अत्यधिक भारी वर्षा हुई है यहां बीते 24 घंटों में 226 एमएम बारिश दर्ज की गई है। पाली में एक्ट्रीमली हेवी रेन दर्ज हुई है। इधर, पुष्कर सरोवर ओवरफ्लो होने पर सोमवार को स्थानीय प्रशासन ने आसपास के होटल-घरों को खाली कराने के निर्देश दिए गए हैं। यहां स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। अजमेर से सटे ब्यावर जिले में अजमेर के ब्यावर जिले के बांदनवाड़ा में दो मंजिला पुरानी इमारत बारिश के कारण भरभरा कर गिर गई। बहरहाल, कोई हताहत नहीं हुआ।

### राजधानी जयपुर में मौसम सुहावना

सोमवार को राजधानी जयपुर में दिनभर मौसम सुहावना रहा। रुक-रुक कर हुई हल्की बरसात ने लोगों को भिगोया। शाम को पार्क, सार्वजनिक स्थान पिकनिक स्पॉट बन गए। वहीं, सावन के तीसरा सोमवार होने के कारण शहर के बड़े शिव मंदिरों के अलावा विभिन्न शिवालयों में भक्तों की भीड़ रही। सावन की फुहारों के बीच भोले बाबा के जयकारें गूंज उठे।

## जरूरी खबर

### पीएम मोदी से मिली जयपुर सांसद मंजू शर्मा



**जयपुर।** सांसद मंजू शर्मा ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस अवसर पर देश-प्रदेश से जुड़े अहम विषयों पर पीएम मोदी से चर्चा की।

### ‘अनुप्रति योजना को और बेहतर तरीके से लागू करेंगे’

**जयपुर।** राज्य सरकार विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के लिए ‘मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग’ योजना को और बेहतर तरीके से लागू करेगी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने सोमवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी दी। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार योजना को और बेहतर तरीके से लागू करने का प्रयास कर रही है ताकि इससे ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी लाभांवित हो सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ऐसी किसी भी योजना को बंद करने की मंशा नहीं रखती है जो राजस्थान के विद्यार्थियों के हित में हो। वे विधायक आदू राम मेघवाल द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। गहलोत ने बताया कि गत वर्ष तक लगभग 20 से 22 हजार विद्यार्थी योजना का लाभ प्राप्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए इसमें संशोधन किया जा रहा है।

### राशन डीलरों का प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**चाकसू।** प्रदेश राशन संघर्ष समिति के आह्वान पर क्षेत्र के 90 डीलरों की हड़ताल 5वें दिन भी जारी रही। सोमवार को चाकसू राशन डीलर्स एसोसिएशन अध्यक्ष हेमराज गुर्जर की अध्यक्षता में हाथ में कटोरे लेकर उचित मूल्य के दुकानदारों ने भीख मांगकर प्रदर्शन किया। इस दौरान डीलरों ने अपनी प्रमुख मांगों में 30 हजार मानदेय व 2 प्रतिशत छीजत का उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन भी सौंपा। सोमवार को जिला रसद अधिकारी जयपुर ग्रामीण अनुराधा गोगिया ने भी राशन डीलर्स को बुलवाकर हड़ताल खत्म करने की बात कही, लेकिन यह वार्ता सफल नहीं हो सकी। इस अवसर पर बारां जिले में प्रदर्शन के दौरान राशन डीलर्स रामेश्वर मीना की आकस्मिक मौत होने पर सभी उचित मूल्य दुकानदारों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा।

---

**विधानसभा में गूंजा रोजगार का मुद्दा... मंत्री बोले-सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए है प्रतिबद्ध**

# सरकार जल्द ला रही नई उद्योग पॉलिसी: राज्यवर्धन राठौड़

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर प्रदेश की भजनलाल सरकार जल्द ही नई स्टेट स्किल पॉलिसी और उद्योग पॉलिसी लाने जा रही है।

सोमवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान मनोहर थाना में संचालित कंपनियों में स्थानीय युवाओं के रोजगार से जुड़े मुद्दे पर लगाए गए सवाल के जवाब में मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने आश्वस्त किया कि सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए स्टेट स्किल और उद्योग पॉलिसी लाने जा रही है, जिससे युवाओं को रोजगार प्राप्त होंगे। इसके साथ ही बंद होने वाली इंडस्ट्रीज को लेकर भी नई उद्योग पॉलिसी प्रावधान किए जाएंगे। इसके साथ प्रश्नकाल में राजस्व रिकॉर्ड ऑनलाइन करने, निशुल्क कोचिंग योजना में अभ्यर्थियों के चयन सहित करीब डेढ़ दर्जन प्रश्नों के सवाल जवाब हुए।



### स्टेट स्किल और उद्योग पॉलिसी से मिलेगा रोजगार

प्रश्नकाल में विधायक गोविंद प्रसाद ने स्किल ट्रेनिंग और रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर सवाल किया। इस पर उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि सरकार समय समय पर स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम चला रही है, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि मनोहर थाना क्षेत्र के 1700 लोगों को रोजगार की ट्रेनिंग दी गई, 680 युवाओं को रोजगार दिया गया, लेकिन मनोहर थाना के बाहर रोजगार दिया गया है। स्टेट स्किल पॉलिसी बनाई जा रही है, जिसके तहत अगले 2 वर्षों में 1 लाख 50 हजार युवाओं को रोजगार की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके साथ रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर सरकार नई पॉलिसी लेकर जल्द आ रही है, चलती हुई इंड्रस्टी बंद नहीं हो, इसको लेकर नई उद्योग पॉलिसी ला रहे हैं, ताकि रोजगार के अवसर बने रहे।

### पुनर्विवाह और पालनहार योजना का उठा मुद्दा

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान जोधपुर में पुनर्विवाह और पालनहार योजना के लाभार्थियों का मुद्दा उठा। विधायक बाबू सिंह राठौड़ के सवाल पर सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि स्कूलों से पालनहार योजना के नए लाभार्थियों की सूचना मंगवाई जाएगी। शिक्षा मंत्री और शिक्षा मंत्रालय से समन्वय करवाया जाएगा। इसमें कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के पीड़ितों को भी जोड़ा जा सकेगा। विधवा महिलाओं के सभी बच्चों को पालनहार से जोड़ने के प्रकरण पर कहा जल्द ही विचार किया जाएगा।

---

**विधानसभा में हंगामा: मुकेश भाकर को किया बजट सत्र से निलंबित**

# मार्शल से भिड़े कांग्रेस एमएलए महिला MLA की टूटी चूड़ियां

**बेधड़क । जयपुर**

कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर को विधानसभा के बजट सत्र की शेष कार्यवाही से निलंबित करने के विरोध में सोमवार को राजस्थान विधानसभा में कांग्रेस विधायकों ने हंगामा किया। भाकर पर सोमवार को सदन में हंगामे के दौरान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की तरफ गलत इशारे करके दुर्व्यवहार करने का आरोप है। भाकर को निलंबन के बाद मार्शल बुलाकर जब बाहर निकाला जा रहा था, इसी दौरान कांग्रेस विधायकों ने घेरा बना लिया। इसके बाद मार्शल और कांग्रेस विधायकों के बीच धक्का-मुक्की तथा हाथापाई हो गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई। विधानसभा में मार्शलों और कांग्रेस विधायकों की धक्का-मुक्की में वरिष्ठ विधायक हरिमोहन शर्मा जमीन पर गिर गए। कई और विधायक भी गिर गए। विधायक अनिता जाटव की मार्शलों से धक्का-मुक्की में चूड़ियां टूट गईं। कांग्रेस विधायक सदन में धरने पर बैठ गए। इससे पहले सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने भाकर के निलंबन का प्रस्ताव पेश किया, जिसे पारित करवा दिया। प्रस्ताव पारित होते ही विधानसभा अध्यक्ष ने मार्शल को भाकर को सदन से निकालने का आदेश दिया। इसके बाद सदन की कार्यवाही को आधे घंटे के लिए तीन बजकर 29 मिनट तक के लिए स्थगित कर दी गई। साढ़े तीन बजे कार्यवाही आधे घंटे के लिए फिर स्थगित कर दी गई थी। देवनानी ने कहा कि सदन चले या न चले, लेकिन इस तरह का बर्ताव बर्दाश्त नहीं होगा।





### गर्ग ने रखा भाकर के निलंबन का प्रस्ताव

इससे पहले सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने भाकर के निलंबन का प्रस्ताव पेश किया, जिसे पारित करवा दिया। प्रस्ताव पारित होते ही स्पीकर ने मार्शल को मुकेश भाकर को सदन से निकालने का आदेश दिया। इसके बाद सदन की कार्यवाही को आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी। साढ़े 3 बजे कार्यवाही आधे घंटे के लिए फिर स्थगित कर दी गई थी। कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर पर हंगामे के दौरान स्पीकर का अपमान करने का आरोप है। इस पर स्पीकर ने ही सबसे पहले सवाल उठाते हुए प्रस्ताव लाने को कहा था। स्पीकर ने कहा कि सदन चले या न चले, लेकिन इस तरह का बर्ताव बर्दाश्त नहीं होगा।

### कांग्रेस सदस्यों ने सदन की मर्यादा को किया तार-तार: राठौड़

**जयपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विधानसभा में कांग्रेस सदस्यों के व्यवहार को निंदनीय बताया है। राठौड़ ने अपने बयान में कहा कि राजस्थान विधानसभा में एक बार फिर कांग्रेस विधायक ने सदन की मर्यादा को तार-तार करते हुए लोकतंत्र की हत्या करने का काम किया है। कांग्रेसी नेताओं द्वारा लगातार संसदीय परंपरा के खिलाफ कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में जहां राजस्थान विधानसभा में कांग्रेसी नेता अपनी हार नहीं पचा पा रहे और लोकतंत्र का अपमान कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी हिंदुओं के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी कर जन भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं।

### गहलोत और पायलट ने भाजपा पर साधा निशाना

विधानसभा में हुई घटना को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने भाजपा पर निशाना साधा है। गहलोत ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा-पहले विधानसभा में कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर का निलंबन और जबरन निष्कासन। फिर मार्शलों की ओर से वरिष्ठ विधायक हरिमोहन शर्मा को जमीन पर गिराना और महिला विधायक अनिता जाटव से बदसलूकी कर उनकी चूड़ियां तक तोड़ देने की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। यह राज्य की भाजपा सरकार की तानाशाही सोच का नतीजा है, जिसके कारण चुने हुए जनप्रतिनिधियों के साथ ऐसा दुर्व्यवहार किया गया। कांग्रेस नेता एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भी इस प्रकरण पर प्रतिक्रिया जताते हुए ‘एक्स’ पर लिखा कि विधायक मुकेश भाकर का निलंबन तानाशाही को प्रमाणित करता है। इसके साथ ही हरिमोहन शर्मा एवं अनिता जाटव के साथ भी अमर्यादित व्यवहार किया गया जो लोकतांत्रिक मूल्यों को आहत करने वाला है।

### सदन चले या न चले, लेकिन इस तरह का बर्ताव बर्दाश्त नहीं: देवनानी

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि विधानसभा जैसे पवित्र एवं गरिमापूर्ण सदन में किसी सदस्य द्वारा आसन की ओर अभद्र इशारों का प्रदर्शन शर्मनाक है और सदन में नियमों और परम्पराओं के विपरित प्रतिपक्ष के हठधर्मिता वाला व्यवहार बेहद दुखद है। देवनानी ने कहा कि देवनानी ने कहा कि प्रतिपक्ष द्वारा ऐसे सदस्य का पक्ष लेना बेहद निंदनीय है और ऐसे सदस्य का बचाव किया जाना भी अशोभनीय है। देवनानी ने कहा कि आसन द्वारा सदस्य का निलंबन किए जाने का कदम सदन की गरिमा की रक्षार्थ उठाया गया। प्रतिपक्ष ने लगातार आसन के निर्देशों की अवहेलना की है। प्रतिपक्ष के सदस्य का सदन में व्यवहार और प्रतिपक्ष द्वारा ऐसे सदस्य का बचाव संसदीय परम्पराओं की अवहेलना की पराकाष्ठा है।

### विधानसभा में पहुंचे टिफिन और तकिए



मुकेश भाकर के निलंबन पर टीकाराम जूली ने कहा कि सरकार के सामने संवैधानिक संकट है। सरकार ने पीपी और एपीपी की नियुक्ति पुराने कानून यानी सीआरपीसी के तहत की है, इसलिए वह नियुक्ति शून्य हो जाती है। अब देश में सीआरपीसी की जगह नए अपराधिक कानून लागू हो चुके हैं। हमने आसान से यह मांग की थी कि इस पर सरकार का जवाब आ जाना चाहिए, लेकिन सरकार इस पर कोई जवाब नहीं देना चाहती। सत्ता पक्ष के लोग हमें उकसाते हैं, जिससे गतिरोध उत्पन्न हो जाता है। नियमों के तहत हमें जो अधिकार प्राप्त है, हम उसी के तहत अपनी बात रख रहे हैं। जो चीज गलत होगी हम उसका विरोध करेंगे। हमारे सदस्य मुकेश भाकर को बाहर निकाला गया है जो निंदनीय है। हम सदन में बैठ कर रात भर धरना देंगे। इसके लिए विधायकों के लिए टिफिन, तकिया और गद्दे सदन पहुंचे।

---

## केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी ने की पीएम से मुलाकात



**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री तथा भाजपा किसान मोर्चा, राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष भागीरथ चौधरी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। भागीरथ चौधरी ने उनसे देश और प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने पीएम को वीर तेजाजी की तस्वीर भेंट की। साथ ही केंद्रीय राज्यमंत्री का दायित्व सौंपने पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। भागीरथ चौधरी की पीएम से यह शिष्टाचार भेंट थी।

## कांग्रेस शासन में महिलाओं की स्थिति थी दयनीय: राठौड़



**बेधड़क** | जयपुर

केंद्र सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण को लेकर शुरू की गई मिशन शक्ति योजना पर सांसद मदन राठौड़ ने राज्यसभा में सवाल लगाया। राठौड़ ने महिला सशक्तीकरण के लिए मिशन शक्ति योजना को लेकर राजस्थान राज्य का 2021 से लेकर 2023-24 तक का ब्योरा मांगा।

सवाल के जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि भारत सरकार ने 15वें वित्त आयोग की अवधि 2021-22 से 2025-26 के दौरान राजस्थान राज्य सहित संपूर्ण देश में महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तीकरण के लिए अम्ब्रेला स्कीम के रूप में एकीकृत महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम मिशन शक्ति शुरू किया गया। इसके अंतर्गत राजस्थान राज्य को पिछले तीन वर्ष 2021-22 में 123.84 करोड़, 2022-23 में 90 करोड़ और 2023-24 में 144.18 करोड़ का बजट जारी किया।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार देश के हित में तमाम मुद्दों को लेकर सजग है। उसी के अंतर्गत महिला सशक्तीकरण के लिए मिशन शक्ति योजना में राजस्थान को पिछले तीन वर्षों में लगभग 358 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई। केंद्र सरकार द्वारा राजस्थान को इतना बजट देने के बावजूद भी कांग्रेस के शासन में महिलाओं की स्थिति बहुत ही दयनीय रही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक राज्य के विकास के लिए बजट जारी कर रही है।

---

**ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने पत्रकार वार्ता में कहा...**

# ‘कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन के कारण बढ़ा बिजली का कर्ज’: नागर

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता से जुड़े विकास कार्यों में भी तीन बार के गहलोत झूठ बोल रहे हैं, जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने छत्तीसगढ़ के सीएम का पूर्व में आवंटित कोल ब्लॉक के लिए धन्यवाद दिया और लंबित 2 कोल ब्लॉक के और स्थानांतरण के लिए आग्रह किया तो गहलोत ने इस पर राजनीति शुरू कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन के चलते बिजली निगमों पर 1 लाख 39 हजार 200 करोड़ का कर्ज हुआ।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर सोमवार को पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 2013 से 18 तक भाजपा सरकार ने बिजली कंपनियों के 62 हजार 400 करोड़ का ऋणभार उदय योजना के तहत चुकाया और 5 साल में इन कंपनियों को ऋण मुक्त कर 2607 करोड़ का वित्तीय लाभ की स्थिति में पहुंचा दिया था, जबकि 2019-23 तक फिर से कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन के चलते बिजली कंपनियों का घाटा 1 लाख 39 हजार करोड़ तक पहुंचा दिया गया। गहलोत सरकार ने डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों को भी 88 हजार 700 करोड़ का कर्ज में डुबोया और समय पर कर्ज नहीं चुका पाने के चलते 300 करोड़ तो केवल पेनल्टी के तौर पर चुकाए है। ऐसे में कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन का खामियाजा प्रदेश की जनता को फ्यूल सरचार्ज के तौर पर चुकाना पड़ रहा है। कांग्रेस सरकार ने अन्य राज्यों से बैंकिंग के माध्यम से बिजली उधार ली, जो भाजपा सरकार को गर्मी के सीजन में लौटानी पड़ी। इससे प्रदेश में बिजली व्यवस्था कुछ समय के लिए चरमरा गई।



### प्रदेश को ऊर्जा के सेक्टर में आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बताया कि भाजपा की भजनलाल सरकार प्रदेश को ऊर्जा के सेक्टर में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने 7 माह में केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के साथ मिलकर 1 लाख 60 हजार करोड़ के एमओयू किए। इससे राजस्थान में 31825 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इतना ही नहीं, भाजपा सरकार की ओर से 11200 मेगावाट के पावर प्लांट्स की निविदा टैरिफ आधारित आमंत्रित की जा चुकी है, वहीं राजस्थान में 2 हजार से 2500 मेगावाट क्षमता की अक्षय ऊर्जा और पम्प स्टोरेज आधारित विभिन्न परियोजनाओं को भाजपा सरकार धरातल पर लाने की ओर अग्रसर है। राज्य सरकार की ओर से ऊर्जा के क्षेत्र में शुरू की जा रही विभिन्न परियोजनाओं को पूरा होने पर बेस लोड और पीक लोड डिमांड को पूरा किया जाएगा।

### राजस्थान के लिए पंप स्टोरेज परियोजना होगी मील का पत्थर साबित

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बताया कि राजस्थान सरकार पहली बार पंप स्टोरेज परियोजना को शुरू कर रही है। इस योजना में चार से पांच घंटे की स्टोरेज मिलेगी और पीक ऑवर में उसकी सप्लाई की जाएगी। सौलर और थर्मल पॉवर प्लॉट के साथ पंप स्टोरेज परियोजना राजस्थान के लिए मील का पत्थर साबित होगी। वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकार बिजली निगमों के प्रसारण तंत्र को मजबूत करने के लिए और मॉनेटाइजेशन की योजना पर काम कर रही है। इसके लिए प्रसारण निगमों और पावर ग्रिड के बीच ज्वाइंट वेंचर कंपनी की स्थापना की जाएगी। इसके लिए तकरीबन 10 हजार करोड़ का निवेश होगा। सरकार सरकार ने लेखानुदान में भी इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट लाने की भी घोषणा की है। राजस्थान सरकार की दूरदर्शी सोच के चलते 2027 तक ऊर्जा सेक्टर में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाया जा सकेगा।

**जरूरी खबर**

## टीचर ने 10 साल की मासूम को चोटी पकड़कर पीटा



**जयपुर।** राजधानी में बनीपार्क स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के टीचर द्वारा 10 साल की मासूम बच्ची से मारपीट का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में महिला टीचर चोटी पकड़ कर बच्ची को पीटते हुए नजर आ रही है। टीचर का नाम बबीता चौधरी बताया जा रहा है, जिसने गुस्से में आकर बेरहमी से बच्ची की चोटी पकड़ कर जमीन पर पटका। इससे बच्ची के हाथ मे मोच आ गई। बच्ची से मारपीट की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। यह 3 अगस्त की घटना बताई जा रही है। लेवल-2 की टीचर बबीता चौधरी की इससे पहले भी बच्चों से मारपीट की शिकायतें मिल चुकी है। वहीं, इस पूरे मामले पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने जांच के आदेश देते हुए बच्चों के साथ इस तरह का रवैया अपनाने वाली शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।

## जयपुर ग्रामीण लोकसभा चुनाव परिणाम को चुनौती

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट में जयपुर ग्रामीण लोकसभा चुनाव में पराजित कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चोपड़ा ने चुनाव याचिका दायर कर चुनाव परिणाम को चुनौती है। इस पर जस्टिस उमाशंकर व्यास ने 13 अगस्त तक सुनवाई टाल दी। याचिका में विजयी सांसद राव राजेन्द्र सिंह और मुख्य निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य को पक्षकार बनाया है। याचिका में कहा गया कि चुनाव परिणाम के लिए की गई मतगणना में काफी अनियमिताएं की गई हैं। ऐसे में चुनाव परिणाम को रद्द कर ईवीएम और पोस्टल बैलेट के मतों की गणना पुनः की जाए। मतगणना प्रक्रिया के सीसीटीवी फुटेज भी अदालत मे पेश किए जाएं। याचिका में कहा गया कि जब उन्होंने पोस्टल बैलेट की पुनः गणना करने को कहा तो यह कहते हुए इनकार कर दिया कि पोस्टल बैलेट की संख्या कम है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**सांगानेरी गेट स्थित महिला चिकित्सालय में दौसा की संतोष की हुई नॉर्मल डिलिवरी**

# महिला ने 4 बच्चों को दिया जन्म, 2 लड़के और 2 लड़कियां

**बेधड़क** | जयपुर

एक महिला ने मंगलवार सुबह सांगानेरी गेट स्थित महिला चिकित्सालय में चार बच्चों को जन्म दिया। इनमें 2 लड़के और 2 लड़कियां हैं। चारों बच्चों को अभी सांस लेने में थोड़ी तकलीफ होने के कारण उनको विशेष निगरानी में रखा जा रहा है।

हॉस्पिटल की अधीक्षक डॉक्टर आशा वर्मा ने बताया कि दौसा की रहने वाली संतोष प्रजापति (21) को 4 अगस्त को हॉस्पिटल की यूनिट-6 में भर्ती किया गया था। मंगलवार सुबह करीब 8 बजे महिला को डिलिवरी के लिए ऑटी में लेकर गए, जहां नॉर्मल डिलीवरी के जरिए महिला ने 4 बच्चों को जन्म दिया।

बच्चों का वजन कम होने के कारण उन्हें विशेष निगरानी में रखा गया है। इसमें 2 बच्चे तो एक-एक किलोग्राम वजन के हैं, जबकि एक बच्चा 700 ग्राम और एक 930 ग्राम का है।

डॉक्टर ने बताया- महिला अभी स्वस्थ है, लेकिन बच्चों को सांस लेने में थोड़ी तकलीफ है। उन्होंने बताया- महिला को गर्भवती के दौरान एनीमिया की भी शिकायत थी। इसका इलाज इसी हॉस्पिटल में चल रहा है।



### सांस लेने में तकलीफ, एनआईसीयू में भर्ती

एनआईसीयू के इंचार्ज और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विष्णु अग्रवाल ने बताया कि चारों बच्चे अभी एनआईसीयू यूनिट में भर्ती है और उनको ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा है, क्योंकि डिलीवरी समय से पहले हुई है, इस कारण बच्चे अभी बहुत छोटे हैं। उनका वजन भी कम है।

### नॉर्मल बच्चों का वजन 2.5 किलो से ज्यादा

डॉक्टर अग्रवाल ने बताया- नॉर्मल जो बच्चे जब पैदा होते है तो उनका वजन ढाई किलोग्राम या उससे ज्यादा होता है। इन बच्चों में वजन बहुत कम है। इसलिए कॉम्प्लीकेशन ज्यादा रहता है। बच्चों के फेंफड़ों में थोड़ी दिक्कत है, इसलिए उनको सांस लेने में तकलीफ आ रही है। डॉक्टर ने बताया कि बच्चों को अच्छे से अच्छा ट्रीटमेंट दिया जा रहा है, ताकि वे जल्दी नॉर्मल हो सके।

**यूडीएच मंत्री खर्रा ने की घोषणा, सर्राफ की मध्यस्थता से बनी बात**

# सफाई कर्मियों की भर्ती रद्द... हड़ताल खत्म, जल्द आएगी संशोधित विज्ञप्ति

**बेधड़क** | जयपुर

साल 2024 की 24,797 पदों पर निकाली गई सफाई कर्मचारियों की भर्ती सोमवार को रद्द कर दी गई। जल्द ही सफाई कर्मचारी भर्ती नियम 2012 के मूल नियमो में संशोधन कर वहीं नई विज्ञप्ति जारी की जाएगी।

विधायक कालीचरण सर्राफ की मध्यस्थता के बाद यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने सफाई कर्मचारियों की मांग अनुसार यह भर्ती समाप्त करने की घोषणा की। इसके साथ ही सफाई कर्मचारियों की लंबे समय से चल रही हड़ताल 13वें दिन समाप्त हो गई।

दरअसल, 4 अगस्त को विधायक कालीचरण सराफ और यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा की सफाई कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों की मांगों पर सहमति बन गई थी। इसके बाद सोमवार को दोपहर 3 बजे हेरिटेज नगर निगम मुख्यालय में सफाई कर्मचारी संगठनों की सामूहिक मीटिंग में सर्व सम्मति से निर्णय लेकर सफाई कर्मचारियों के आंदोलन को समाप्त करने की यूनियन द्वारा घोषणा की गई।



### कोर्ट केस के प्रकरणों में कमेटी का गठन

संयुक्त वाल्मीकि और सफाई श्रमिक संघ के अध्यक्ष नंद किशोर डंडोरिया ने बताया कि कर्मचारियों की मांग अनुसार वर्ष 2024 की सफाई भर्ती विज्ञप्ति समाप्त की गई। नई विज्ञप्ति सफाई कर्मचारी भर्ती नियम 2012 के मूल नियमों में संशोधन कर जारी कर दी जायेगी। इसके अलावा कोर्ट केस के प्रकरणो में कमेटी का गठन किया। कमेटी में नन्दकिशोर डंडोरिया, मीठालाल चांवरिया, प्रकाश हडाले, धनेन्द्र तेजी, शिवचरण डंडोरिया को कमेटी में शामिल किया गया है।

### आज से फिर साफ-सुथरा दिखने लगेगा जयपुर

जयपुर में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल खत्म होने के बाद अब मंगलवार से सफाई सुचारु हो जाएगी। इसके चलते जयपुर वापस अपने साफ-सुथरे स्वरूप में नजर आने लगेगा। बता दें कि सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर होने से ना तो सफाई हो पा रही थी और ना ही कचरा उठ पा रहा था। ऐसे में शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर नजर आने लगे थे। ऊपर से बरसात का मौसम होने के कारण कचरा गीला होने से सड़ांध मारने लगा था जो कि मौसमी बीमारियों का बड़ा कारण बन सकता था।

### कर्मचारियों ने जताया आभार

सफाई कर्मचारियों के आंदोलन के समापन के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंत्री झावर सिंह खर्रा, विधायक कालीचरण सर्राफ, बालमुकुंदाचार्य, नगर निगम जयपुर हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर, उप महापौर ग्रेटर नगर निगम जयपुर पुनीत कर्णावट उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सफाई कर्मचारी सभी संगठनों ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और मंत्री झाबर सिंह जी खर्रा, विधायक कालीचरण का आभार प्रकट किया।

**पुलिस कमिश्नर ने देखी व्यवस्था**

## जन्माष्टमी पर होंगे 30 मिनट में कृष्ण और बलराम के दर्शन



**बेधड़क** | जयपुर

कृष्ण-बलराम मंदिर में 26 अगस्त को जन्माष्टमी भक्तों को दर्शन के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। मंदिर और पुलिस प्रशासन ने ऐसी व्यवस्था की है कि मात्र 30 मिनट में भगवान के दर्शन हो जाएंगे।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ, लॉ एंड आर्डर के आईपीएस कुंवर राष्ट्रदीप, डीसीपी ईस्ट, एसीपी ने सोमवार को पुलिस लवाजमे के साथ मंदिर में जन्माष्टमी की तैयारियों का जायजा लिया। जन्माष्टमी पर भक्तों की सहूलियत के लिए पुलिस और मंदिर प्रशासन ने मिलकर व्यवस्था की है कि इस बार मंदिर में दर्शन के लिए दो लाइन लगाई जाएंगी। इससे भक्त सिर्फ आधे घंटे के अंदर भगवान के दर्शन कर सकेंगे। रात के समय में भी भक्त बहुत ही थोड़े समय में भगवान कृष्ण की सुन्दर छवि के नयनाभिराम दर्शन कर सकेंगे। मंदिर में इस बार पार्किंग के लिए भी बहुत ही पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने दस हजार गाड़ियों की पार्किंग का आश्वासन दिया है। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए ट्रैफिक डायवर्ट करने के निर्देश भी दिए हैं। इसके साथ ही मंदिर प्रशासन ने भी जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आने वाले भक्तों की सुरक्षा और सहूलियत को ध्यान में रखते हुए खास इंतजाम किए हैं, जिससे भक्तों को कोई भी असुविधा ना हो।

**जलदाय कर्मचारियों ने जल भवन पर किया प्रदर्शन**

# RWSSC की अधिसूचना की होली जलाई

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान वाटर सप्लाई एंड सीवरेज कॉरपोरेशन (आरडब्ल्यूएसएससी) के विरोध में राजस्थान वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ के बैनर तले सोमवार को जलदाय कर्मचारियों ने जल भवन पर सरकार के खिलाफ हल्ला बोला और जमकर नारेबाजी की। राजस्थान वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप यादव और महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में जल भवन पर सभा करने के बाद कर्मचारियों ने सीएम हाउस की तरफ कूच कर दिया। पुलिस कर्मियों द्वारा उन्हें रोकने की कोशिश के दौरान पुलिस और कर्मचारियों में धक्का मुक्की भी हुई। राजस्थान वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप यादव ने कहा कि यह काला कानून है। हमारी मांग है कि इसके बिंदु 23 को हटाया जाए, जिसमें आरडब्ल्यूएसएससी में कर्मचारियों को बर्खास्त करने का प्रावधान है।



एक नोटिस के जरिए उन्हें बर्खास्त किया जा सकता है। बोर्ड बनने से कर्मचारियों को तो नुकसान है ही, साथ ही आम जनता का बिल भी कई गुना बढ़ जाएगा। बोर्ड बना कर्मचारियों का अस्तित्व खत्म किया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी के सामने कर्मचारियों ने आरडब्ल्यूएसएससी की अधिसूचना की होली भी जलाई।

## सावन की फुहारों के बीच भोले का अभिषेक



***जयपुर।*** *सावन के तीसरे सोमवार को दिन भर रुक रुक कर बारिश होती रही। भक्तों ने गलता से लाए पवित्र जल से विभिन्न शिवालयों में भोलेनाथ का विशेष अभिषेक किया। इसके चलते शिवालयों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। क्वींस रोड स्थित झारखंड महादेव मंदिर, चौड़ा रास्ता के ताड़केश्वर महादेव मंदिर, आमेर रोड स्थित गोविंद देवजी मंदिर के काला महादेव मंदिर, रामगंज के ओंडा महादेव, आमेर के भूतेश्वर सहित अनेक शिव मंदिरों में भक्तों ने बाबा की विधि-विधान से पूजा अर्चना की।*

**इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में कराया जाएगा दर्ज**

# 800 किलो की कड़ाही में बनाया 455 किलो का 'सबसे बड़ा घेवर'

**बेधड़क** | जयपुर

तीज महोत्सव को नगर निगम इस बार खास बनाने जा रहा है। इसके लिए निगम की ओर से 455 किलो का घेवर तैयार कराया गया है। ग्रेटर निगम की मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि इसे इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में सबसे बड़े घेवर के रूप में दर्ज कराया जाएगा। 4 दिन से इस घेवर को बनाया जा रहा था, लेकिन चार बार यह टूट गया। पांचवें दिन 5 से 6 घंटे में घेवर बनकर तैयार हुआ। इसमें कुल 1 हजार किलो घी लगा है। नगर निगम ग्रेटर की मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि तीज महोत्सव के लिए इसे तैयार करवाया है। इसे सबसे बड़े घेवर के रिकॉर्ड के लिए भी भेजा जाएगा। इस घेवर को बनाने के लिए कड़ाही और घेवर को उठाने के लिए फ्रेम भी अलग से तैयार किया गया।



### चार-चार हलवाइयों की टीम बनाई गई

घेवर बनाने के लिए चार-चार हवाइयों की टीम बनाई गई। चार लोगों ने मिलकर भट्टी तैयार की। उनका काम भट्टी की देखरेख करना था। चार हलवाई की टीम ने घोल तैयार किए। इसके बाद चार लोगों का काम घोल को कड़ाही में डालना था। इसके लिए लोहे की रॉड को वेल्ड करके चम्मच तैयार किया गया। इसी चम्मच की मदद से घोल को सेंटर में डाला गया। ऐसे ही बाकी हलवाइयों को अलग-अलग काम दिए गए।

### कड़ाही बनाने वाले ने 2 महीने का मांगा था समय

घेवर को लालकोठी स्थित एक स्वीट्स पर तैयार किया है। उसके ऑनर ने बताया कि घेवर बनाने के लिए हमें मेयर सौम्या गुर्जर से 20 जुलाई को ऑर्डर मिला था। हमने घेवर के लिए कड़ाही बनाने वाले से बात की तो उन्होंने 2 महीने का समय मांगा। हमें यह घेवर जल्दी तैयार करना था। ऐसे में हमने घाट गेट स्थित लुहारों के खुर्रे में कारीगरों से बात की। उन्होंने दिन-रात काम करके 800 किलो वजनी कड़ाही तैयार की। इसमें घेवर को उठाने के लिए लोहे का फ्रेम अलग से बनाया गया। कड़ाही तैयार होने के बाद क्रेन की मदद से ट्रैक्टर-ट्रॉली में लोड किया गया। फिर 22 गोदाम स्थित गोदाम में लाया गया। इस कड़ाही की कीमत 1.5 लाख आई।

### घेवर को उठाने के लिए अलग फ्रेम बना

घेवर को कड़ाही से निकालने के लिए भी फ्रेम तैयार किया गया। इस फ्रेम के ऊपर घेवर तैयार किया गया। चार बार घेवर बनाने के बाद उसको उठाने की कोशिश की गई तो टूट गया। क्रेन की मदद से भी उठाने की कोशिश की, लेकिन टूट गया। जब भी घेवर टूटता फ्रेम को छोटा किया गया। आखिर में इस फ्रेम को ऊपर उठाने के लिए हुक वाले 10 बोल्ट लगाए गए। इसके बाद पांचवी बार में घेवर को बाहर निकला।

## जरूरी खबर

### राई का बाग नहीं... अब होगा राईका बाग रेलवे स्टेशन




**जोधपुर।** जोधपुर के राई का बाग स्टेशन का नाम पुनः राईका बाग रेलवे स्टेशन कर दिया गया है। रेलवे स्टेशन के नाम को लेकर राईका समाज आंदोलनरत था और विधानसभा में भी ये मामला उठ चुका है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ट्वीट कर केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने मेरे अनुरोध पर राई का बाग रेलवे स्टेशन का नाम संशोधित कर मूल नाम राईका बाग किए जाने को स्वीकृति प्रदान की है।

### बीकानेर में बनेंगे 9 नए शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर

**बीकानेर।** जिले में नौ नए शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए जाएंगे। इनके लिए भूमि चिह्निकरण एवं आवंटन का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। कलेक्टर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा घड़सीसर, शीतला गेट, अमरसिंहपुर लाल क्वार्टर, भीनासर, बजरंग धोरा, चकगर्बी, खतूरिया कॉलोनी, कैलाशपुरी और श्रीडूंगरगढ़ में नए शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए जाने की स्वीकृति दी गई है। प्रत्येक आरोग्य मंदिर भवन निर्माण के लिए पच्चीस-पच्चीस लाख रुपए व्यय किए जाएंगे। यह भवन एनएचएम के माध्यम से बनवाए जाएंगे। इनमें 1 चिकित्सक, 2 जीएनएम, 1 एएनएम और फार्मासिस्ट सहित कुल 7 कार्मिकों का स्टाफ होगा।

### चूरू: जोहड़ में डूबने से दो किशोरों की मौत



**चूरू।** जिले के घड़सीसर गांव में जोहड़ में डूबने से दो किशोरों की मौत हो गई। सरदारशहर तहसील के घड़सीसर ग्राम स्थित पानी के जोहड़ में रविवार रात को दो किशोरों की लाश तैरती मिली। शवों को तैरता देख पूरे गांव में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते मौके पर भारी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई और गांव के ही तैराक सुभाष भार्गव ने ग्रामीणों की मदद से दोनों शवों को जोहड़ से बाहर निकाला। सूचना पर सरदारशहर थाना अधिकारी मौके पर पहुंचे उन्होंने बताया कि डूबने वाले दोनों किशोर एक ही परिवार के हैं। इनकी शिनाख्त 13 वर्षीय तेजाराम और 15 वर्षीय पवन के रूप में हुई है। दोनों रविवार को छुट्टी होने के कारण गाय चराने के लिए गए थे।

## प्रदेश में भारी बारिश के कारण रेल यातायात प्रभावित, अजमेर में मालगाड़ी के तीन-चार डिब्बे पटरी से उतरे

# रेलवे ट्रैक पर पानी...ट्रेनें हुई कैंसिल, अजमेर में मालगाड़ी डिरेल

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में मूसलाधार बारिश के कारण पश्चिमी राजस्थान में रेल यातायात प्रभावित हो गया। इस कारण कुछ गाड़ियों को रद्द किया गया है, जबकि कुछ का मार्ग बदला गया है।

जोधपुर मंडल के केरला-पाली मारवाड़ यार्ड के बीच जलभराव हो जाने के कारण रेल यातायात प्रभावित हुआ है। प्रदेश के कई जिलों में लगातार हो रही बारिश से बाढ़ के हालात बन गए हैं। पटरियों पर पानी भरने के कारण ट्रेनें कैंसिल की गई है, वहीं कुछ का रूट डायवर्ट किया गया है। ब्यावर जिले के हरिपुर रेलवे स्टेशन से 20 किलोमीटर दूर लालपुर क्षेत्र में भारी बारिश के दौरान ट्रैक पर पहाड़ टूटकर गिर गया।

इससे वहां से गुजर रही मालगाड़ी के तीन-चार डिब्बे पटरी से उतर गए। भारी बारिश के कारण पहाड़ी के टुकड़े ट्रैक पर गिर गए थे। हादसे में इंजन और करीब 3-4 डिब्बे पटरी से उतर गए।

पटरी को भी काफी नुकसान हुआ है। इस हादसे की जानकारी मिलने के बाद अजमेर से राहत एवं बचाव दल ट्रेक दुरुस्त करने के लिए मौके पर पहुंचा और ट्रेक को दुरुस्त किया।

### रेलवे ट्रैक पर पानी भरने से धंसी पटरी

जोधपुर जिले के भावी इलाके में भारी बारिश के बाद रेल की पटरियां पानी में डूब गईं। पानी इतना ज्यादा था कि इससे रेल की पटरियां धंस गईं, मगर पटरियों की निगरानी करने वाले ट्रैक मैन ने समय रहते इसे देख लिया और अधिकारियों को सतर्क कर दिया। इसके बाद बिलाड़ा-जोधपुर पैसेंजर ट्रेन रद्द कर दी गई।रेलवे प्रशासन ने कई गाड़ियों को बीच रास्ते में ही रोक दिया। कई ट्रेनों को डायवर्ट कर दिया गया है, जिससे यात्रियों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा।



### कई ट्रेनों को किया डायवर्ट

जोधपुर मंडल के केरला-पाली मारवाड़ यार्ड एवं बिलाड़ा-पीपाड़ रोड के बीच पानी भर जाने के कारण ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि 5 ट्रेनें कैंसिल की गई हैं। 2 का रूट बदला गया है। कैंसिल की गई 5 ट्रेनों में बाड़मेर-मुनाबाव स्पेशल सेवा की 2 गाड़ियों (04879, 04881) को रद्द किया गया है। मुनाबाव-बाड़मेर स्पेशल सेवा की 2 गाड़ियों (04880, 04882) को 6 अगस्त के लिए रद्द किया गया है। बाड़मेर-जोधपुर स्पेशल (04844) भी 6 अगस्त को रद्द रहेगी। जम्मूतवी-गांधीनगर कैपिटल (19224) के रूट में बदलाव किया गया है। अब लूनी-समदड़ी-भीलड़ी-पाटन-अहमदाबाद होकर चलेगी। कोचुवेली-श्रीगंगानगर (16312) का रूट बदला गया है। यह मारवाड़ जंक्शन-अजमेर-फुलेरा-मेड़ता रोड होकर जाएगी। उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित प्रारंभिक स्टेशन से गाड़ी संख्या 04846 बिलाडा-जोधपुर को रद्द कर दिया गया। गाड़ी संख्या 20475 बीकानेर-पुणे रेलसेवा बीकानेर से रवाना होकर मेड़ता रोड-फुलेरा-अजमेर-मारवाड़ जंक्शन होकर संचालित की जा रही है। गाड़ी संख्या 14707 लालगढ़-दादर रेलसेवा लालगढ़ से रवाना होकर परिवर्तित मार्ग मेड़ता रोड-फुलेरा-अजमेर-मारवाड जं. होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14802 इंदौर-जोधपुर रेलसेवा भी इंदौर से रवाना होकर सोमवार को परिवर्तित मार्ग अजमेर-फुलेरा-मेड़ता रोड-जोधपुर होकर संचालित होगी।

## दौसा में NH-11 पर भीषण सड़क हादसा... तीन राजस्वकर्मी घायल

# डंपर-कार की टक्कर में नायब तहसीलदार समेत 3 की मौत

**बेधड़क** | दौसा

जिले के लालसोट उपखंड स्थित एनएच 11 के शिवसिंहपुरा गांव के पास एक भीषण सड़क हादसे में तीन राजस्वकर्मियों की मौत हो गई, वहीं तीन राजस्वकर्मी गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर जयपुर रेफर कर दिया गया।

हादसे की सूचना के बाद लालसोट विधायक रामविलास मीणा जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया। लालसोट थाना प्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि वैगनआर कार में सवार छह राजस्वकर्मी जयपुर जा रहे थे। उसी दौरान एक खाली डंपर लालसोट की तरफ आ रहा था। तभी एनएच 11 पर शिवसिंहपुरा गांव के पास डंपर ने राजस्वकर्मियों की कार को सामने से टक्कर मार दी। इस हादसे में राजस्वकर्मियों की कार बुरी तरह से चकनाचूर हो गई, जिससे कार में सवार राजस्वकर्मी बुरी तरह से लहूलुहान हो गए और तीन की मौके पर ही मौत हो गई।



### हादसे के बाद डंपर छोड़ फरार हुआ ड्राइवर

लालसोट उपखंड में बजरी का अवैध खनन धड़ल्ले से चलता है। इसके चलते आए दिन डंपरों से सड़क हादसे होते रहते हैं। थाना प्रभारी महावीर सिंह ने बताया कि हादसे के बाद डंपर चालक डंपर को छोड़कर वहां से फरार हो गया। पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी राजस्वकर्मी राजपुरा गांव में जमीन की पैमाइश करने और रास्ता निकलवाने के लिए जा रहे थे, लेकिन शिवसिंहपुरा गांव के पास हादसे का शिकार हो गए।

### कार की डिग्गी खोलकर बाहर निकाला शव

हादसे की सूचना के बाद स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और इसकी सूचना लालसोट थाना पुलिस को दी। ऐसे में स्थानीय लोगों ने कार की डिग्गी को खोलकर कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे राजस्वकर्मियों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक निर्झरना नायब तहसीलदार गिर्राज शर्मा (55) पुत्र रामकरण निवासी व्यासों का नोहरा, गिरदावर दिनेश शर्मा (40) पुत्र चतुर्भुज शर्मा निवासी दौसा और पटवारी दिनेश शर्मा (42) पुत्र सत्यनारायण निवासी सुंदरपुर मंडावरी की मौत हो गई थी। इसके चलते पुलिस ने तीनों शवों को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया. वहीं, गंभीर रूप से घायल पटवारी प्रदीप (38) पुत्र दामोदर निवासी दौसा, गिरदावर मिथलेश पुत्र रामविलास मीना पटवारी अभिषेक (24) पुत्र अश्वनी निवासी डीडवाना लालसोट को जिला अस्पताल लालसोट में भर्ती कराया, वहीं हालत गंभीर होने पर तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया गया। इस दर्दनाक हादसे के बाद जिले के सरकारी महकमे में शोक की लहर है। हादसे की खबर सुनने के बाद विधायक रामविलास मीणा सहित एसडीएम, डीएसपी व अन्य अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे। साथ ही मृतकों व घायलों के परिजनों से मुलाकात की। साथ ही मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया। इधर, विधायक रामविलास मीणा ने हायर सेंटर जयपुर में फोन कर गंभीर रूप से घायलों का बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया।

## एक महीने में चौथा हादसा

# मेनाल के झरने में बहा भीलवाड़ा का युवक

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा चित्तौड़गढ़ की सीमा पर स्थित बिजोलिया के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मेनाल झरने में सोमवार को एक युवक की बहने से मौत हो गई। यहां पिछले तीन दिनों पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है। 26 वर्षीय भीलवाड़ा भवानी नगर निवासी कन्हैयालाल बैरवा अपने दोस्त शास्त्री नगर निवासी अक्षित धोबी के साथ सोमवार सुबह मेनाल झरने में घूमने आया था। इस दौरान नहाते समय अचानक पानी के तेज बहाव में बहने लगे।

अक्षित ने बहने के दौरान एक चट्टान को पकड लिया, लेकिन कन्हैयालाल झरने में 150 फिट नीचे गिर गया। अक्षित का अन्य पर्यटकों ने रेस्क्यू किया है। अक्षित ने बताया कि उसका दोस्त शादीशुदा है। दोनों आज घूमने आए थे। इस दौरान नहाते समय तेज बहाव में अचानक फिसलकर झरने में बह गए। इससे दोस्त 150 फीट नीचे खाई में गिर गया। सूचना पर बेंगू तहसीलदार धर्मेंद्र स्वामी सहित पुलिस जाब्ते ने मेनाल खाई में पहुंचकर युवक की तलाश शुरू की है। बीते एक माह के अंदर मेनाल में ये चौथा बड़ा हादसा है। इससे पहले एक नदी की तेज बहाव में बहने से मौत हो गई है। दो बार पांच युवकों को बहने से रेस्क्यू किया गया है।



### पर्यटकों की सुरक्षा के लिए नहीं है ठोस व्यवस्था

मानसून में मेनाल जलप्रपात को देखने के लिए काफी संख्या में पर्यटक आते हैं। 150 फीट ऊंचाई से गिरने वाले झरने के ऊपरी हिस्से में काफी संख्या में पर्यटक नहाते भी हैं, लेकिन सुरक्षा के कोई ठोस उपाय नहीं होने के कारण आए दिन हादसे होते हैं। पिछले दो दिन से क्षेत्र में काफी मात्रा में बारिश हुई है। इसी कारण मेनाल जलप्रपात तीव्र वेग से बह रहा है।

## सिरोही: अलग-अलग हादसों में 3 ने तोड़ा दम

**सिरोही।** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में सोमवार को हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहला हादसा सिरोही सदर थाना क्षेत्र में अणगौर और पालड़ी के बीच हुआ। यहां बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल हो गए। दूसरा हादसा पिंडवाड़ा थाना क्षेत्र में हुआ, जहां हजारी फाटक के पास कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। तीसरी घटना में जीप की टक्कर से एक राहगीर की मौत हो गई।

सिरोही सदर थाना क्षेत्र के हेड कांस्टेबल नरपत सिंह ने बताया कि सोमवार दोपहर पालड़ी निवासी रंजीत पुत्र जैसा राम रावल, उसकी पत्नी अलका और बेटी दिया कुमारी बाइक पर सवार होकर घर की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान एक बाइक की टक्कर से उसकी बाइक सड़क किनारे जा गिरी। मौके पर मौजूद लोगों ने तीनों को इलाज के लिए सिरोही सरकारी अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, डॉक्टरों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया, वहीं उसकी पत्नी और बेटी को गंभीर चोट आई है। फिलहाल उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पिंडवाड़ा थाने के हेड कांस्टेबल हरिदास वैष्णव ने बताया कि अजारी फाटक के पास कार की टक्कर से बाइक सवार भरतपुर निवासी अनार सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना में झांकर के पास जीप की टक्कर से पैदल चल रहे उदयपुर के बकरिया थाना क्षेत्र के बेरूण निवासी लक्ष्मण लाल की मौके पर ही मौत हो गई।



## फैक्ट्री की दीवार ढही, 13 श्रमिक दबे, तीन मरे

**जोधपुर।** बोरानाड़ा थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के एक फैक्ट्री की दीवार ढह गई। मलबे में करीब 13 श्रमिक दब गए। इनमें से तीन श्रमिकों की मौत हो गई। श्रमिकों को मलबे से निकालकर एमडीएम हॉस्पिटल भिजवाया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। दो श्रमिकों के शव को एम्स हॉस्पिटल की मोर्चरी और एक श्रमिक का शव एमडीएम की मोर्चरी में रखवाया गया है। सभी मजदूर कोटा व मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं। जोधपुर के बोरानाड़ा थाना क्षेत्र के सालावास रोड पर महालक्ष्मी टिंबर नाम की फैक्ट्री की दीवार सोमवार तड़के अचानक से ढह गई। दीवार के पास दूसरी फैक्ट्री के श्रमिकों की रहने के लिए तीन शेड बने हुए थे। दीवार गिरने से 13 श्रमिक मलबे के नीचे दब गए। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस व अन्य लोग भी मदद के लिए मौके पर पहुंचे और श्रमिकों को मलबे से बाहर निकाला गया। हादसे में तीन श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य घायल श्रमिकों का एम्स हॉस्पिटल में उपचार चल रहा है। इनमें से एक श्रमिक की हालत गंभीर बनी हुई है। बोरानाडा थाने के एसएचओ शकील अहमद ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन तब तक तीन मजदूरों की मौत हो चुकी थी। वहीं, अन्य मजदूरों को दीवार काटकर बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि हादसे में नंदू (45), सुनीता (32) और मंजू (35) की मलबे में दम घुटने से मौत हो गई है।

## 1 करोड़ की अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**सिरोही।** जिले के आबूरोड रीको थाना पुलिस ने सोमवार को अवैध शराब से भरे कंटेनर को पकड़ा, जिसमें भारी मात्रा में चंडीगढ़ निर्मित शराब बरामद की गई। साथ ही मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। आबूरोड रीको थाना अधिकारी सीताराम ने बताया कि एसपी अनिल कुमार के निर्देश पर गुजरात सीमा पर लगती मावल चौकी पर नाकेबंदी की गई। सोमवार को एक कंटेनर को रुकवाया गया, वहीं चालक ने कंटेनर में चावल के कट्टे होने की बात कही, लेकिन शक होने पर हेड कांस्टेबल किशनलाल, महेंद्र सिंह, प्रकाश कुमार ने तलाशी ली।

इस दौरान कंटेनर से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई, जो कट्टों में भरे थे। इसके बाद पुलिस ने चालक और परिचालक को हिरासत में ले लिया और कंटेनर की सघन तलाशी ली गई, जिसमें से भारी मात्रा में चंडीगढ़ निर्मित अवैध शराब बरामद हुई। इसके बाद पुलिस अवैध शराब सहित कंटेनर को जब्त कर लिया।

आबूरोड रीको थानाधिकारी सीताराम ने बताया कि कंटेनर से कुल 840 पेटी अवैध शराब बरामद हुई है, जिसकी कीमत करीब 1 करोड़ आंकी गई है। पुलिस ने मामले में मानाराम (25) पुत्र जीपाराम जाट निवासी गरल जिला बाड़मेर और हराजराम (21) पुत्र श्यामराम जाट निवासी रामदेरिया निम्बाराम नाड़ी जिला बाड़मेर को गिरफ्तार किया।

## स्कूल में अव्यवस्था

# 450 स्टूडेंट पर केवल 5 टीचर... आक्रोशित ग्रामीणों ने स्कूल पर जड़ा ताला

**बेधड़क** | सिरोही

जिले के आबूरोड स्थित महीखेड़ा में उच्च माध्यमिक विद्यालय में 450 से ज्यादा विद्यार्थियों पर सिर्फ 5 शिक्षक होने से बच्चों को पढ़ाई में समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

इसको लेकर अभिभावकों और ग्रामीणों ने पिछले तीन सालों में कई बार लिखित और मौखिक रूप से जिला शिक्षा अधिकारी के साथ प्रशासनिक स्तर पर गुहार की, लेकिन आरोप है कि उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ।

आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार को अभिभावकों के साथ शिक्षकों की मांग को लेकर स्कूल के मुख्य दरवाजे पर ताला जड़ दिया। ताला जड़ने के बाद शिक्षा विभाग ने तुरंत प्रभाव से तीन रिक्त पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति की गई। इसके बाद ग्रामाणों ने स्कूल का ताला खोला।

### 10वीं, 11वीं और 12वीं के लिए शिक्षक ही नहीं

ग्रामीणों का आरोप है कि सोमवार को ताला जड़ने को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी और स्थानीय शिक्षा अधिकारी को अवगत करवा दिया था, लेकिन उन्होंने हमारी बात को नहीं सुना। इसके बाद स्कूल पर ताला जड़ा गया है। स्कूल में शिक्षकों की कमी पूरी नहीं होगी, तब तक ये आंदोलन जारी रहेगा। अभिभावकों ने बताया कि क्षेत्र की महिखेड़ा में एक मात्र सीनियर सेकंडरी स्कूल है, जिसमें पास के सभी गांवों के बच्चे पढ़ते हैं। उनका आरोप है कि पिछले तीन साल से मात्र 4 शिक्षक हैं। 10वीं, 11वीं और 12वीं के लिए शिक्षक ही नहीं हैं। राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल महीखेड़ा को राज्य सरकार की ओर से वर्ष 2021-22 में माध्यमिक से उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत किया गया था। 450 से ज्यादा विद्यार्थियों के नामांकन होने के बाद भी प्रधानाचार्य के साथ एक पीटीआई और तीन अन्य शिक्षक ही स्कूल में हैं। शिक्षकों पर बीएलओ का कार्यभार होने से भी आए दिन उन्हें बाहर रहना पड़ता है। इसके कारण बच्चों की पढ़ाई बिगड़ रही है। इसी परेशानी को लेकर सोमवार को स्कूल खुलते ही सभी अभिभावक अपने बच्चों के साथ स्कूल पहुंचे और उनका आक्रोश फूट पड़ा।



### रिक्त पदों पर तुरंत प्रभाव से लगाए तीन शिक्षक

स्कूल के प्राचार्य ललित कुमार ने बताया कि विद्यालय की ओर से बोर्ड को कई बार अवगत करवाया गया है। सोमवार को प्रदर्शन की सूचना मिलते ही ब्लॉक शिक्षा कार्यालय से सतीश पुरोहित मौके पर पहुंचे और अभिभावकों और ग्रामीणों से बात की। उन्होंने उच्च अधिकारियों को पूरी स्थिति से अवगत करवाया, जिसके बाद जिला शिक्षा विभाग ने तुरंत प्रभाव से रिक्त पदों पर तीन शिक्षकों को लगाया है। अन्य रिक्त पदों पर भी जल्द नियुक्ति का भरोसा दिलाया गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने स्कूल का मुख्य दरवाजा खोला।

### सम गांव के स्कूल में भरा पानी, कमरे की छत गिरी

**जैसलमेर।** जिले में तीन दिन से हो रही बारिश के कारण सम गांव में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जलमग्न हो गया। स्कूल भवन में पुराना हॉल बारिश में भरभराकर गिर गया। बारिश के अलर्ट के चलते सोमवार को जिला प्रशासन की ओर से अवकाश घोषित किया गया था, इसलिए स्कूल में बच्चे नहीं थे, जिससे जनहानि होने से बच गई। राजस्थान पंचायतीराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष प्रकाश विश्नोई खारा ने बताया कि स्कूल में चार से पांच फीट पानी भरा हुआ है। बच्चों ने सावधानी नहीं बरती तो बड़ी घटना हो सकती है। सम ब्लॉक के इस मुख्य स्कूल की हालात खराब है। उन्होंने बताया कि इस स्कूल के दो कमरे और बाथरूम पहले से ही बारिश के दौरान गिरे हुए थे। अब एक कमरे की छत और गिर गई। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि आपात व्यवस्था के तहत स्कूल के जीर्णोद्धार और भवन निर्माण करवा के राहत दिलाई जाए, ताकि सीमांत क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त हो सके।

### पेरिस ओलंपिक में राउंड ऑफ-16 मुकाबले में की जीत दर्ज


# रोमानिया को हरा महिला टेबल टेनिस टीम क्वार्टर फाइनल में

बेधड़क | पेरिस (फ्रांस)

भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने पेरिस ओलंपिक में अपने अभियान का आगाज धमाकेदार अंदाज में किया है। साउथ पेरिस एरिना में सोमवार को खेले गए रोमांचक राउंड ऑफ-16 मुकाबले में भारतीय टीम ने रोमानिया को 3-2 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई है।

पहले दो मैच जीतने के बाद भारत ने अगले 2 मैच गंवा दिए। ऐसे में भारत को क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के 5वें मैच में जीत दर्ज करना जरूरी था। स्टार पैडलर मनिका बत्रा ने आखिरी मैच में 11-5, 11-9, 11-9 से जीत हासिल कर भारत को क्वार्टरफाइनल में पहुंचाकर इतिहास रच दिया।




## कामथ और अकुला ने की शानदार शुरुआत

भारत की अर्चना कामथ और श्रीजा अकुला ने महिला राउंड ऑफ 16 टेबल टेनिस मुकाबले के पहले मैच में एडिना डायकोनू और एलिजाबेटा समारा को 11-9, 12-10, 11-7 से हराकर भारत को शानदार शुरुआत दिलाते हुए उसे मुकाबले में 1-0 से आगे कर दी। भारतीय टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा ने राउंड ऑफ 16 टेबल टेनिस मुकाबले के दूसरे मैच में दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी रोमानिया की बर्नडेट स्ज़ोक्स के खिलाफ 11-5, 11-7, 11-7 से जीत दर्ज की और भारत को मुकाबले में 2-0 से आगे कर दिया।

## तीसरे मैच में श्रीजा अकुला हारीं

भारत की स्टार पैडलर श्रीजा अकुला को रोमांचक तीसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा। अकुला को रोमानिया की एलिजाबेटा समारा के खिलाफ 5 गेम के रोमांचक मैच में हार का सामना करना पड़ा। यूरोपीय चैंपियन समारा की 8-11, 11-4, 7-11, 11-6, 11-8 की जीत ने रोमानिया को मुकाबले में बने रहने में मदद की, क्योंकि उन्होंने भारत की बढ़त को 2-1 पर ला दिया।

## क्वार्टर फाइनल में भारत का यूएसए या जर्मनी की टीम से होगा मुकाबला

इसके बाद मनिका बत्रा ने आखिरी 5वें निर्णायक मैच में रोमानिया की एडिना डायकोनू को 11-5, 11-9, 11-9 से हराकर भारत को पहली बार महिला टेबल टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया। भारतीय महिला टेबल टेनिस में का अब क्वार्टर फाइनल में मुकाबला यूएसए या जर्मनी की टीम से होगा।

### 11 अगस्त को कार्यक्रम, मनु रहीं है डबल मेडलिस्ट

# क्लोजिंग सेरेमनी में भारत की ध्वजवाहक होंगी मनु भाकर

बेधड़क | पेरिस (फ्रांस)

डबल ओलिंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर पेरिस ओलिंपिक के क्लोजिंग सेरेमनी में भारत की ध्वजवाहक की जिम्मेदारी संभालेंगी। भारतीय ओलिंपिक संघ के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी को बताया कि मनु को ध्वजवाहक चुना गया है। उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया है और वह इस सम्मान की हकदार हैं। दरअसल हरियाणा के झज्जर की रहने वाली मनु भाकर ने पेरिस ओलिंपिक में इतिहास रच दिया



है। मनु ने विमेंस इंडिविजुअल 10 मीटर एयर पिस्टल में और मिक्स्ड इवेंट में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर ब्रॉन्ज जीते थे। वे एक ही ओलिंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय हैं। मनु पेरिस ओलिंपिक में 25 मीटर पिस्टल इवेंट में मेडल से चूक गई। वे विमेंस की 25 मीटर पिस्टल इवेंट में चौथे स्थान पर रहीं। वे हंगरी की वेरोनिका के साथ तीसरे पोजीशन के लिए हुए शूटऑफ में हारकर बाहर हो गईं। 8 सीरीज में मनु सिर्फ एक ही बार 5 में से 5 शॉट्स लगाने में कामयाब रही। उन्होंने कुल 40 में से 28 शॉट्स लगाए। इसी के साथ उनका पेरिस ओलिंपिक में मेडल की हैट्रिक लगाने का सपना अधूरा रह गया।

## महेश्वरी-अनंतजीत ने किया क्वालीफाई

**पेरिस।** भारतीय निशानेबाजों महेश्वरी चौहान और अनंत जीत सिंह नरूका ने पेरिस ओलंपिक स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा के ब्रॉन्ज मेडल के मुकाबले के लिए क्वालीफाई कर लिया है। भारतीय जोड़ी ने क्वालीफिकेशन में 146 स्कोर किया।

अब कांस्य पदक के लिये उनका मुकाबला चीन से होगा। भारतीय जोड़ी क्वालिफिकेशन के पहले चरण के बाद 49 अंक लेकर संयुक्त दूसरे स्थान पर थी। पहले दौर में नरूका ने 25 में से 25 और महेश्वरी ने 24 अंक बनाए। दूसरे दौर में महेश्वरी ने 25 अंक बनाए लेकिन नरूका दूसरी



और पांचवीं सीरीज में चूक कर 23 अंक ही बना सके। तीसरे दौर में महेश्वरी ने 25 और नरूका ने 24 अंक बनाए।

## लक्ष्य का टूटा सपना, गंवाया ब्रॉन्ज

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में लक्ष्य सेन ने खूब लड़ते हुए कमाल का प्रदर्शन किया। लेकिन भारत का ये खिलाड़ी मेडल नहीं जीत पाया। पेरिस ओलंपिक के ब्रॉन्ज मेडल मैच में लक्ष्य सेन को मलेशियाई खिलाड़ी ली जी जिया के हाथों हार झेलनी पड़ी। बड़ी बात ये है कि लक्ष्य सेन ने ब्रॉन्ज मेडल मैच का पहला गेम अपने नाम कर लिया था लेकिन इसके बावजूद वो ये मुकाबला हार गए। पहला गेम 21-13 से



जीतने के बाद लक्ष्य दूसरे गेम से लय से भटक गए। दूसरे गेम में मलेशियाई खिलाड़ी ने 21-16 के स्कोर के साथ वापसी की। तीसरा गेम लक्ष्य 21-11 से हारे। लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक में कमाल का प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले ग्रुप मुकाबलों में ग्वाटेमाला के को कोढ़दोन को एकतरफा अंदाज में 21-8, 22-20 से हराया। इसके बाद वो बेल्जियम के जूलियन करैगी को 21-19, 21-14 से हराने में कामयाब रहे। लक्ष्य ने अपने तीसरे मैच में इंडोनेशया के जॉनथन क्रिस्टी को 21-18, 21-12 से हराया। प्री-क्वार्टर फाइनल में उन्होंने भारतीय शटलर प्रणॉय कुमार को 21-12, 21-6 से हराया।

## दर्द से कराहती निशा जीत के लिए करती रही संघर्ष

**पेरिस।** भारतीय महिला पहलवान निशा दहिया ने पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन किया। लेकिन इस बीच वो सोमवार के महिलाओं के 68 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल मैच में उत्तर कोरिया की पाक सोल गम के खिलाफ चोटिल होने के चलते हार गईं।

निशा दहिया कुश्ती स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल मैच में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया की पाक सोल गम के खिलाफ खेल रही थीं। इस मुकाबले में निशा 8-2 से आगे चल रही थीं, जब मुकाबले में केवल 47 सेकंड बचे थे, तभी उनके दाहिने हाथ में चोट लग गई और वो मैच पूरे मैच में चोटिल हाथ के साथ लड़ती हुई नजर आईं। वो



अपने चोटिल हाथ के साथ लड़ नहीं पाईं और इसका फायदा विरोधी ने उठाया और बाकी बचे मैच में 8 अंक हासिल कर 8-10 से पस्त कर दिया।

### सोशल मीडिया पर फैंस ने दिए रिएक्शन

सभी खेल प्रेमी भारतीय मुक्केबाज के प्रयासों और बहादुरी की सराहना कर रहे हैं, जिन्होंने मुकाबले के आधे समय तक तीव्र दर्द में रहने के बावजूद मुकाबला जारी रखा। 33 सेकंड शेष रहने पर भारतीय पहलवान ने असुविधा के कारण फिर से चिकित्सा सहायता मांगी, लेकिन उपचार प्राप्त करने के बाद प्रतियोगिता जारी रखी। कंधे में दर्द के बावजूद, वह दृढ़ रही, लेकिन पूरी तरह से भाग नहीं ले पाई। उसके कोरियाई प्रतिद्वंद्वी पाक ने इसका फायदा उठाया, सात अंक बनाए और 10-8 से जीत हासिल की। यदि पाक फाइनल में पहुंचती है, तो निशा अभी भी रेपेचेज राउंड में प्रतिस्पर्धा कर सकती है। इससे पहले, निशा ने अपना पहला मुकाबला 6-4 से जीता था। सोशल मीडिया पर फैंस ने लिखा।

### 9 अगस्त को रिलीज होगी फिल्म 'आलिया बासु गायब हैं'

## राजस्थान के लोगों से प्यार और आर्शीवाद लेने आया हूं: सलीम दीवान

**जयपुर।** प्रदेश के झुंझुनू में जन्मे और यहां का नाम बॉलीवुड सिनेमा जगत में ऊंचा नाम कर रहे अभिनेता सलीम दिवान इन दिनों देश और दुनिया में खूब नाम कमा रहे है। 9 अगस्त को भारतीय सिनेमाओं में उनकी फिल्म 'आलिया बासु गायब हैं', रिलिज होने जा रही हैं, जिसके ट्रेलर ने करोड़ो भारतीय लोगों का दिल जिता है। संस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर फिल्म में अभिनेता सलीम दिवान के साथ बॉलीवुड अभिनेता विनय पाठक और अभिनेत्री रायमा सैन नजर आएंगे। सोमवार को जयपुर में अपनी फिल्म का



प्रमोशन करने आये सलीम दिवान ने प्रेस को बताया कि बॉलीवुड में काम करना और फिल्म में अपने आप को बनाये रखना आसान नहीं हैं, लगातार काफी रोमांचक परिस्थितियों से गुजरना पड़ता हैं

## मेट्रो में महिला कार्मिकों का सांस्कृतिक स्नेह मिलन आयोजित



बेधड़क | जयपुर

मेट्रो रेल की महिला कार्मिकों की ओर से सांस्कृतिक स्नेह मिलन कार्यक्रम -2024 का मानसरोवर मेट्रो परिसर स्थित सभागार में आयोजन किया गया। महिला कार्मिकों ने इस उत्सव के दौरान झूला महोत्सव, मेहंदी प्रतियोगिता, एकल एवं सामूहिक नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बाद प्रतिभागियों को पारितोषिक भी प्रदान किए गए। दरअसल महिलाओं द्वारा अपने जीवन में परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ कार्यालय की जिम्मेदारियों को भी बखूबी निभाया जाता है ऐसे में उनके सामाजिक विकास एवं मानसिक तनाव के बीच सामंजस्य होना अति आवश्यक है। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला कार्मिकों में आपसी सामंजस्य, सद्भावना और प्रेम को बढ़ावा देना था।

## शिक्षक संघ (सियाराम) लगाएगा पेड़

**जयपुर।** शिक्षक संघ (सियाराम) प्रदेश भर में हरित क्रांति अभियान व हरित पखवाड़ा मना रहा है। शिक्षक संघ (सियाराम) के मुख्य महामंत्री नवीन कुमार शर्मा ने बताया कि मंगलवार को 9.30 बजे शहर के महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परशुराम द्वारा में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी द्वारा एक पेड़ माँ के नाम पर... अभियान के तहत पेड़ लगाएंगे। इस अवसर पर संगठन के लोग मौजूद रहेंगे। प्रदेश स प्रवक्ता मुकेश मीणा ने बताया कि संगठन हर वर्ष की भांति यह पखवाड़ा मनाता है, इसके तहत पूरे प्रदेश में पौधा रोपण किया जाता है।

### वीजीयू में ओरिएंटेशन सेरेमनी 'आरंभ 2024' के साथ नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत

# कैंपस में बदली नजर आई फिजां उत्साह से रखे कॉलेज में कदम

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश की पहली नेक ए प्लस प्राइवेट और तीसरी रैंक युनिवर्सिटी विवेकानंद ग्लोबल युनिवर्सिटी में सोमवार को ओरिएंटेशन सेरेमनी 'आरंभ 2024' के भव्य आयोजन के साथ नए शिक्षण सत्र की शुरूआत हुई।

सत्र के शुभारंभ पर आयोजित इस शैक्षणिक उत्सव में देश के विभिन्न प्रांतों से आए 6015 नव प्रवेशार्थियों के साथ उनके अभिभावक भी शामिल हुए। हर तरफ उत्सवी माहौल था। इससे कैंपस की फिजां बदली नजर आई। भावी सुनहरे सपने संजोए नवप्रवेशार्थियों के चेहरों पर कॉलेज में पहला दिन होने का अहसास और उत्सुकता झलक रही थी, वहीं उनके अभिभावकों के लिए भी खास गर्व की अनुभूति का खास पल रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ऑल इंडिया कौंसिल फॉर टेक्नीकल एजुकेशन एआईसीटीई के वाईस चेयरमैन एवं चीफ इनोवेशन ऑफिसर डॉ. अभय जेरा ने नव आगंतुक विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे दृढ निश्चय के साथ आगे बढें और जीवन में हर चुनौती का सामना करें और अपनी प्रतिभा का सही उपयोग करें।



### आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

एक्टिंग प्रेसीडेंट प्रो संतोष कुमार ने कहा कि वीजीयू छात्रों में चरित्र निर्माण, मन और आत्मविश्वास को मजबूत करने और ज्ञान का विस्तार करने पर केंद्रित शिक्षा प्रदान करने में विश्वास करता है। वीजीयू के प्रो-प्रेसीडेंट रिसर्च प्रोफेसर डीवीएस भगवानुलु ने कहा कि वीजीयू अनुसंधान और विकास, बहु-विषयक शिक्षा का एक उच्च और उभरता संस्थान है। इस अवसर पर वीजीयू के एल्युमनी रहे फिजिक्स वाला कंपनी के सीपीओ मनीषु कुमार और डेलाइटी मिडिल ईस्ट के निदेशक गौरव नवल ने भी विद्यार्थियों को अपने अनुभव शेयर करते हुए नवप्रवेशार्थियों को मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### इस वर्ष ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों मोड में उपलब्ध हो सकेंगी शिक्षा

वीजीयू के चेयरमैन एवं पूर्व आइएएस डॉ ललित के पंवार ने कहा कि वीजीयू वास्तव में एक वैश्विक विश्वविद्यालय है, जिसमें भारत के लगभग सभी राज्यों और 16 अन्य देशों के 12000 से अधिक छात्र यूजी, पीजी और डॉक्टरेट स्तर पर 97 से अधिक कैरियर उन्मुख कार्यक्रमों में अपनी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी नैक ए प्लस जयपुर शहर की पहली युनिवर्सिटी है जहां नई शिक्षा नीति के आधार पर शिक्षण व्यवस्था और पाठयक्रम को लागू किया गया है। इसके अलावा इस साल से ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में दोहरी डिग्री प्रोग्राम शुरू किया गया है। वीजीयू के वाइस चेयरमैन डॉ के आर. बगरिया ने नवप्रवेशार्थी स्टूडेटस का स्वागत करते हुए उन्हें मेहनत और समर्पण से अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। बगरिया ने कहा कि वीजीयू में विद्यार्थियों के लिए क्षमता विकास प्रशिक्षण या स्किल लर्निंग पर जोर दिया जाता है। प्रथम वर्ष से ही प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में इंटर्नशिप को अनिवार्य किया गया है। युनिवर्सिटी ने उद्योग और नौकरियों की बदलती जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करते हुए शिक्षण और प्रशिक्षण पाठयक्रम में बदलाव किया है ताकि विद्यार्थियों को नए युग की विशेषज्ञता प्रदान कर सके।

## प्रत्युष ने बनाई जल संरक्षण में मदद के लिए एआई प्रणाली



**जयपुर।** बारहवीं कक्षा के छात्र प्रत्यूष ने एक खास एआई-संचालित प्रणाली बनाई है जो कृषि में जल संरक्षण में मदद कर सकती है। प्रत्यूष का मानना है कि यह तकनीक कृषि में पानी के प्रबंधन के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। इस प्रणाली के माध्यम से किसान पौधों की जल स्थिति को समझ सकते हैं और सिंचाई को सही तरीके से कर सकते हैं, जिससे पानी की बर्बादी कम होगी। प्रत्युष ने बताया कि इस प्रणाली का मुख्य काम फसलों की सेहत और पानी की जरूरतों का आकलन करना है। यह पौधों के रंध्रों (स्टोमेटा) की सूक्ष्म छवियों का विश्लेषण करती है, जिससे पौधे की सेहत का पता लगाया जा सकता है। प्रत्यूष ने अपने प्रोजेक्ट में चावल के पौधों पर ध्यान केंद्रित किया है, जो भारत की एक प्रमुख फसल है।

**पोस्टर विमोचन** | 10 वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर कल होंगे विभिन्न कार्यक्रम

# राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर सजेगा बुनकरों का संसार

बेधड़क | जयपुर

भारत में राष्ट्रीय स्तर पर 7 अगस्त को 'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' मनाया जाता है। इसी कड़ी में भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय के बुनकर सेवा केंद्र, जयपुर की ओर से भी बुधवार को 10 वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

बुनकर सेवा केंद्र जयपुर की उप निदेशक रुचि यादव ने कार्यक्रम पोस्टर विमोचन किया। उन्होने बताया कि इस वर्ष पर राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का आयोजन फैशन डिजाइन संस्थानों की भागीदारी से बुधवार को सुबह 9 बजे इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान, जयपुर के सभागार में किया जाएगा।

यादव ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान राज्य व केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी जैसे कि टॉक शो, हथकरघा प्रदर्शनी, राजस्थानी थीम पर आधारित फैशन शो आदि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और उपहार वितरण के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम में 250 से ज्यादा बुनकर भाग लेंगे।





### दिल्ली में जैसलमेर के जेठाराम को पट्टू साड़ी के लिए मिलेगा पुरस्कार

बुनकर सेवा केंद्र जयपुर की उप निदेशक रुचि यादव ने बताया कि राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का मुख्य समारोह विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा। जहां उप राष्ट्रपति इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। वे पूरे भारत से आए हथकरघा समुदाय को संबोधित करेंगे। राजस्थान के जैसलमेर से जेठा राम को पट्टू साड़ी के निर्माण के लिए 'यंग वीवर श्रेणी के तहत राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम का प्रसारण यहां भी दिखाया जाएगा।

# बांग्लादेश में तख्ता पलट... दुश्मनों के दांव में फंस गया ढाका




गजानंद शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार


बांग्लादेश की राजनीतिक तस्वीर एकाएक बदल गई है और वहां सैन्य शासन दस्तक दे रहा है। विडंबना देखिए इस साल के शुरू में चौथी बार चुनाव जीतने वाली और देश में लोकतंत्र की जड़ें मजबूत करने में अहम योगदान देने वाली प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद छोड़कर देश भी छोड़कर जाना पड़ा है। कहा जा रहा है कि इससे पहले सेना अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वकार-उज-जमां ने उन्हें 45 मिनट का समय दिया था। इसके बाद शेख हसीना ने राष्ट्रपति को इस्तीफा सौंपा और भारत पहुंच गईं, वहीं जनरल जमां ने अब सभी दलों की भागीदारी वाली अंतरिम सरकार बनाने की घोषणा की है। जमां ने कहा, मैं सारी जिम्मेदारी ले रहा हूं। कृपया सहयोग करें, लेकिन बांग्लादेश में जिस तरह से आरक्षण आंदोलन के नाम पर उथलपुथल मची और देश हिंसा की आग में झुलसा, उसके पीछे अब गहरी साजिश नजर आ रही है। एक दिन पहले आरक्षण आंदोलन ने जिस तरह एकाएक उग्र रूप लिया और हिंसा भड़की, उससे इस संदेह की पुष्टि होती है यह महज आरक्षण आंदोलन नहीं था। हालात इतने बिगड़े कि रविवार को एक ही दिन की हिंसा में 14 पुलिस कर्मियों समेत करीब सौ लोग मारे गए। शेख हसीना को अपने 15 साल के शासन काल में पहली बार इतने बड़े जन आंदोलन का सामना करना पड़ा।

देश में कर्फ्यू लगाना पड़ा और इंटरनेट बंद करना पड़ा। सेना को सड़कों पर मोर्चा संभालना पड़ा, लेकिन स्थिति संभलने के बजाय अगले ही दिन बेकाबू हो गई। प्रदर्शनकारी पीएम आवास में घुस गए और एक निर्वाचित सरकार को गैर लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता से बाहर होना पड़ा। इसके साथ प्रदर्शनकारियों ने इस देश की बुनियाद रखने वाले शेख मुजीब उर रहमान की यादों को ध्वस्त करने का काम भी शुरू कर दिया। इससे लगता है कि इस तख्तपलट की पटकथा लिखने वालों के तार बांग्लादेश के बाहर उन लोगों से जुड़े हुए हैं जिनकी आंखों में बांग्लादेश अपने

> “प्रदर्शनकारियों ने इस देश की बुनियाद रखने वाले शेख मुजीब रहमान की यादों को ध्वस्त करने का काम शुरू कर दिया। इससे लगता है कि इस तख्तपलट की पटकथा लिखने वालों के तार बांग्लादेश के बाहर उन लोगों से जुड़े हुए हैं जिनकी आंखों में बांग्लादेश अपने जन्म के समय से ही खटक रहा है।”

जन्म के समय से ही खटक रहा है। यह गौर करने लायक बात है कि आरक्षण को लेकर शुरू हुआ आंदोलन कैसे एकाएक राजनीतिक रूप लेकर प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग पर पहुंच गया। इससे इस आंदोलन के मूल मकसद पर सवाल उठने लगे हैं।

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में 56 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। इसमें 30 प्रतिशत आरक्षण बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के सेनानियों के बच्चों को प्रदान किया जाता है। आरक्षण आंदोलन के दौरान मूलरूप से आरक्षण के इसी प्रावधान का मुखर विरोध हुआ था। प्रदर्शनकारियों व आंदोलनरत छात्रों की दलील थी कि इससे मैरिट के आधार पर चयन नहीं हो पाता। बाद में बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में आरक्षण के प्रतिशत को सीमित कर दिया था। इससे आंदोलन भी धीरे-धीरे शांत होने लगा था, लेकिन फिर यह एक नए चेहरे के साथ प्रकट हो गया और आरक्षण का मुद्दा पीछे छोड़ते हुए राजनीतिक आंदोलन के रूप में प्रकट हुआ है। लक्ष्य भी स्पष्ट था- प्रधानमंत्री शेख हसीना इस्तीफा दें। आंदोलन की अगुवाई कर रहे स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन से आंदोलन की कमान जमात ए इस्लामी जैसे कट्टरपंथी संगठनों के हाथ में चली गई। स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन के प्रदर्शन के आह्वान के दौरान हुई हिंसा में आंदोलन कट्टरपंथियों के हाथों में जाने की झलक नजर आई। प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों ने हिंदुओं को निशाना बनाया। दो-तीन मंदिरों में तोड़फोड़ की गई। मीडिया में आई खबरों में तो यह भी कहा गया है कि भीड़ ने अवामी लीग पार्टी के दो हिंदू पार्षदों की भी इस दौरान हत्या कर दी। साफ है कि इस आंदोलन में अब कट्टरपंथी तत्व और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी घुस आए थे। शेख हसीना के इस्तीफे की मांग भी इसी ओर इशारा कर रही थी। इसके साथ ही यह साफ होने लगा कि कट्टरपंथी तत्वों के तार पाकिस्तान से जुड़े हैं और उन तत्वों की मंशा कुछ और ही है। इसमें भारत विरोध भी शामिल है। आरक्षण विरोध के नाम पर शुरू हुए आंदोलन ने शेख हसीना के विरोध का रूप ले लिया। हाल के वर्षों में बांग्लादेश विकास के मोर्चे पर पाकिस्तान से आगे निकल गया है और देश में राजनीतिक स्थिरता है और लोकतंत्र फलफूल रहा था। भारत के साथ रिश्ते प्रगाढ़ हो रहे हैं। भारत के साथ प्रगाढ़ होते रिश्ते न पाकिस्तान को भा रहे थे और ना भारत के एक अन्य पड़ोसी चीन को रास आ रहे थे। भारत में पीएम मोदी का तीसरा कार्यकाल भी बांग्लादेश के साथ मधुर रिश्तों के साथ शुरू हुआ तो यह भी इन दोनों देशों को खटक रहा था। शेख हसीना पहले पीएम नरेंद्र मोदी के शपथग्रहण समारोह में भारत आईं। फिर कुछ ही दिनों के अंतराल में वह भारत की आधिकारिक यात्रा पर आईं।

तब यह कहा गया कि शेख हसीना ने अपनी चीन की यात्रा से पहले भारत का दौरा किया ताकि यह संदेश जाए कि वह दोनों बड़े पड़ोसियों के साथ रिश्तों में संतुलन बनाकर आगे बढ़ना चाहती हैं। शेख हसीना की यात्रा के दौरान हुए तीस्ता जल समझौता के साथ हुए अन्य करार इस बात के भी संकेत थे कि वह भारत की रक्षा चिंताओं के प्रति भी सचेत, सतर्क और गंभीर हैं। एक बात साफ है कि अब भारत को बांग्लादेश के मोर्चे पर भी गंभीर चुनौती का सामना करना पड़ेगा। यह आशंका निराधार नहीं है कि वहां पाकिस्तान और चीन का प्रभाव बढ़ सकता है। यदि ऐसा होता है तो इससे भारत के हितों पर भी चोट पहुंचने का खतरा बढ़ जाएगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## उपसर्ग विजेता पार्श्वनाथ के ऊपर फण धारी सर्प उपसर्ग का प्रतीक


# मोक्ष सप्तमी: तीर्थंकर पार्श्वनाथ का निर्वाणोत्सव




पदम जैन बिलाला
स्वतंत्र टिप्पणीकार


> “जैन धर्म के चौबीस तीर्थंकर में से अवसर्पणि काल में घोर उपसर्ग को सहन करने वाले तेइसवें तीर्थंकर श्री पार्श्वनाथ स्वामि कहे गये है। वर्तमान काल में सबसे अधिक जिनबिम्ब तथा जिन मन्दिर भगवान पार्श्वनाथ के दिखाई देते हैं। पार्श्वनाथ भगवान को संकट मोचक पार्श्व भी कहा जाता है।”

जिन मंदिरों में भगवान पार्श्वनाथ के जिन बिम्ब के ऊपर प्रायः फण फैलाया हुआ सर्प दृष्टिगोचर होता है, जो उनपर हुए घोर उपसर्ग का प्रतीक है। जैन धर्म के चौबीस तीर्थंकर में से अवसर्पणि काल में घोर उपसर्ग को सहन करने वाले तेइसवें तीर्थंकर श्री पार्श्वनाथ स्वामि कहे गये है। वर्तमान काल में सबसे अधिक जिनबिम्ब तथा जिन मन्दिर भगवान पार्श्वनाथ के दिखाई देते हैं। पार्श्वनाथ भगवान को संकट मोचक पार्श्व भी कहा जाता है। इनके निर्वाणोत्सव को मोक्ष सप्तमी के रूप में मनाया जाता है।



### दो भाई - कमठ और मरुभूति

भगवान पार्श्वनाथ पर कमठ नामक जीव द्वारा घोर उपसर्ग किए जाने बाबत शास्त्रों में लिखा है। राजा अरविन्द के दो मंत्री कमठ और मरुभूति थे। कमठ बड़ा भाई अत्यन्त दुष्ट प्रकृति का, दुव्यवहारी था, जबकि छोटा भाई मरुभूति सज्जन और सद्व्यवहारी था। एक दिन मरुभूति को राज्य कार्य से नगर से बाहर जाना पढ़ा तब कमठ ने छोटे भाई की पत्नी के साथ दुव्यवहार करना चाहा। जब राजा को यह बात ज्ञात हुई तो उसने कमठ को देश निकाला दे दिया, अत: वह तापसी बनकर जंगल में रहने लगा और कुतप करने लगा, मरुभूति के लौट आने पर, सब घटना ज्ञात होने पर भातृ-प्रेम के कारण वह कमठ के पास गया और पैर पड़ते हुए क्षमा-याचना पूर्वक घर चलने की प्रार्थना करने लगा। तब कमठ ने और अत्यधिक क्रोधित हो उस पर शिला पटक दी, जिससे मरुभूति दुध्यान पूर्वक मरण कर कई भव से गुजरने के उपरांत सोलहकारण भावनाओं का चिंतन कर तीर्थकर प्रकृति का बंध किया। तब सिंह के द्वारा भक्षण किये जाने पर समाधि पूर्वक मरण कर आनत स्वर्ग में इन्द्र हुआ।

### वामा माता के गर्भ में तीर्थंकर का जीव

जम्बूद्वीप भरत क्षेत्र के काशी देश स्थित वाराणसी नगरी में राजा अश्वसेन राज्य करते थे उनकी महारानी वामादेवी ने आनत स्वर्ग के इन्द्र को आज से क़रीब तीन हज़ार वर्ष पूर्व पौष कृष्णा एकादशी को तीर्थंकर सुत के रूप में जन्म दिया। और यह जीव स्वर्ग से च्युत हो, श्री पार्श्वनाथ तीर्थंकर बना।और उधर कमठ का जीव आगे चलकर शम्बर नामक देव बना।

### बालक पार्श्व और धरणेन्द्र पद्मावती

इधर सोलह वर्ष की अवस्था में बालक पार्श्व नगर के बाहर वन बिहार करते हुए अपने नाना महीपाल के पास पहुँचे। वहाँ पंचाग्नि नामक साधु तप के लिए लकड़ी फाड़ रहा था, इन्होंने उसे रोका और बताया कि लकड़ी में नागयुगल है। वह नहीं माना और क्रोध से युक्त होकर उसने वह लकड़ी काट डाली। उसमें जो नागयुगल था वह कट गया। मरणासन्न सर्पयुगल को इन्होंने संबोधित किया जिससे शान्तचित हो नाग युगल अगले भव में धरणेन्द्र और पद्मावती हुए।

### तीर्थंकर पर उपसर्ग और निवारण

इधर जब पार्श्व प्रभु तेला का नियम लेकर देवदारु वृक्ष के नीचे ध्यानावस्था में थे तब पूर्व जन्म के वैमनस्य भाव लिए कमठ के जीव शम्बर नामक देव ने सात दिन तक इन पर विभिन्न प्रकार के घोर उपसर्ग किये। उसी समय उस नाग युगल के जीव धरणेन्द्र और पदमावती ने आकर अपने पर किए उपकार स्वरूप पार्श्व नाथ के उपसर्ग का निवारण किया। इसी कारण भगवान पार्श्व का प्रतीक चिन्ह सर्प है तथा जिन बिम्ब के ऊपर फण फैलाया हुआ नाग दृष्टिगोचर होता है।

### अष्ट कर्मों को नाश कर पाया निर्वाण

इसके बाद चैत्र कृष्णा त्रयोदशी के दिन प्रात:काल घातिया कर्म नष्ट हो जाने से प्रभु को केवल ज्ञान प्राप्त हुआ तथा श्रावण शुक्ला सप्तमी के दिन प्रात: बेला में अष्टकर्मों को नाश कर स्वर्ण भद्र कूट सम्मेद शिखर से निर्वाण को प्राप्त किया जहां मोक्ष कल्याण के दिन लाखों श्रद्धालु दर्शनार्थ पहुँचते है।

### मोक्ष सप्तमी महोत्सव

मोक्ष सप्तमी अर्थात् निर्वाणोत्सव के दिन मंदिरों में भगवान पार्श्वनाथ की विशेष पूजा-अर्चना, शांतिधारा कर निर्वाण लाडू चढ़ाया जाता है। जब किसी को पूर्णतया मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है तो उसके जीवन का अर्थ सार्थक हो जाता है। इस मान्यता के साथ इस दिन को मोक्ष सप्तमी के रूप में मनाते हैं। इस दिन खास तौर पर बालिकाएं उपवास करती है, दिन भर पूजन, स्वाध्याय, मनन-चिंतन, सामूहिक प्रतिक्रमण करते हुए संध्या के समय देव-शास्त्र-गुरु की सामूहिक भक्ति कर आत्म चिंतन कर मनाती है मोक्ष सप्तमी का विशेष दिन।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## व्यंग्य

# हर जगह रेट की चल रही बात




सन्तोष दिवाकर
व्यंग्यकार


आज हर जगह है रेट की रट लगी है। सब्जी बाजार से लेकर मछली बाजार तक रेट की रट लगी है। नीट परीक्षा से लेकर अन्य परीक्षाओं में परीक्षा होने से पहले प्रश्न पत्र का रेट आ जाता है। आज का बच्चा भी कोचिंग संस्थान के रेटिंग पर ज्यादा ध्यान देता है, अपने रेटिंग पर कम ध्यान देता है, अपना रेटिंग सुधर गया तो समझ लेता है कोचिंग की रेटिंग सही है। पहले रेट की चर्चा गणित की पुस्तक तक सीमित था, वो भी अंग्रेजी में लिखे गए गणित की पुस्तकों में। ब्याज, क्रय-विक्रय के प्रश्नों में दर/रेट की चर्चा रहती थी। प्रश्न हुआ करता था - 10000 का 5% की दर/ रेट से 1 साल में कितना ब्याज होगा? लेकिन जब से कंप्यूटर आया है तब से एट द रेट@ दाल- भात में मुसलचंद की तरह हर जगह विराजमान है। @ एट द रेट के बिना इंटरनेट की दुनिया बिना विभाग के मंत्री की तरह लगता है। ईमेल की दुनिया तो @ पर ऐसे टिकी जैसे अल्पमत वाली सरकार में निर्दलीय विधायक।

माता-पिता अच्छे रेटिंग वाले स्कूल-कॉलेज में नाम लिखवाते हैं ताकि अच्छे रेटिंग वाले कंपनियों में नौकरी हो सके और अच्छा वेतन मिल सके, अच्छा पैकेज मिल सके। कॉलेज की अच्छी रेटिंग होने से पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की रेटिंग बढ़ जाती है। अच्छी कंपनियां अच्छा पैकेज देती हैं जिससे स्कूल कॉलेज का रेटिंग बढ़ता है और इसके बाद फिर कॉलेज भी अपना रेट बढ़ा लेता हैं और जमकर पैसा वसूलता है।

बाजार में हर सामान का रेट तय है, दाम तय है लेकिन फिर भी रेट नामक प्राणी आदमी को देखकर, जगह को देखकर, समय को देखकर गिरगिट की तरह रंग बदल लेता है। सरकारी कार्यालय में हर जगह काम का रेट तय है, लेकिन वहां यदि आप कुछ पैरवी लगा लेते हैं तो जिस तरह पर्व त्यौहार के समय सामान पर ऑफर मिलता है उसी तरह पैरवी लग जाने से घुस का रेट कम जाता है। चढ़ावा चढाने से भगवान खुश होते हैं वा यह तो हमलोग नही जान पाते हैं लेकिन सरकारी बाबु चढ़ावा चढ़ाने पर खुश हो जाते हैं, इसके लिए प्रमाण की जरूरत नही है; मोगैंबो खुश हुआ। पहले तो सिर्फ सामानों का रेट हुआ करता था लेकिन अब तो आदमी का भी रेट लगने लगा है, जिस तरह ठाकुर से ठाकुरगगिरी वैसे ही रेट से रेटिंग हो गया। बैंक , कल कारखानों आदि का रेटिंग होने लगा और तो ओर देश की भी रेटिंग होती है। वैसे ही सिबिल के द्वारा आदमी की रेटिंग होती है, रेटिंग में कम अंक मिलने पर ऋण मिलने में कठिनाई होती है; उसके अलावा हर व्यक्ति का समाज में अपना अलग रेटिंग होता है।लेकिन आज के इस आर्थिक युग में आपकी रेटिंग सिबिल ही तय करता है।

रेट की भी महिमा अपरंपार है। जिस तरह अलग-अलग वस्तुओं का अलग-अलग रेट होता है वैसे ही अलग-अलग आदमियों के लिए एक ही वस्तु का अलग-अलग रेट होता है, यदि कोई पुलिस वाला सामान खरीदने जाए तो उसका रेट अलग, रईसजादा खरीदने जाए तो रेट अलग और यदि कोई सामान्य आदमी खरीदने जाए तो उसका रेट कुछ अलग हो जाता है। अस्पताल में आप जाएं, यदि आपने मेडिकल बीमा लिया है तो आपके ऑपरेशन का रेट कुछ और होगा और यदि आपने बीमा नहीं लिया है तो आपके ऑपरेशन का रेट कुछ अलग होगा, क्योंकि आप उसमें नगद भुगतान करेंगे। क्रेडिट कार्ड से टिकट लें तो रेट अलग, डेबिट कार्ड से लें तो अलग। क्रेडिट कार्ड से टिकट लेना चार्वाक मुनि के विचार - ऋणम कृत्वा घृतम पिवेत का सर्वोत्तम उदाहरण माना जा सकता है।

रेट में एक्सचेंज रेट की महिमा अपरंपार है जिस पर देश की अर्थव्यवस्था टिकी है। एक्सचेंज रेट में थोड़ा सा उतार-चढ़ाव होने पर कभी सोना महंगा तो कभी सस्ता हो जाता है, तो कभी पेट्रोल सस्ता तो कभी महंगा हो जाता है। लेकिन देश की अर्थव्यवस्था ऐसी कब होगी जहां रेट के उपर नीचे होने से समाज के निचले पायदान पर खड़ा आदमी के जीवन स्तर की रेटिंग उपर नीचे ना हो! मौलिक एवं अप्रकाशित रचना

## नॉलेज कॉर्नर: राजस्थान में जिप्सी जनजाति के हैं अलग रीति-रिवाज

# मौत पर खुशी तो जन्म पर होता है मातम

आपको सुनकर हैरानी होगी कि देश में एक ऐसी जनजाति भी है कि जो बच्चे पैदा होने पर दुखी और मरने पर खुशी मनाती है। इस जनजाति का जीवन पैटर्न सामान्य व्यक्ति के जीवन से विपरीत है। यह जनजाति है राजस्थान में रहने वाले जिप्सी समुदाय की। इनके कई रीति रिवाज इतने अनूठे हैं कि आश्चर्य में डाल देते हैं। इसके पीछे क्या कारण है चलिए जान लेते हैं

### मरने पर खुशी और पैदा होने पर दुख मनाते हैं इस समुदाय के लोग

राजस्थान में लगभग 24 जिप्सी परिवार समूह हैं। ये सातिया समुदाय के तटों और खाली स्थानों पर आश्रयों में रहते हैं। इस जनजाति के ज्यादातर लोग अशिक्षित होते हैं। इस समुदाय को इनका एक रिवाज दूसरों से अलग बनाता है और वो है किसी की मृत्यु हो जाने पर खुशी मनाना। जी हां, इस समुदाय के लोग किसी के मरने पर खुशी मनाते हैं और बच्चे के जन्म पर दुख। ऐसे में जब इस जनजाति का कोई व्यक्ति मरता है तो सभी लोग नए कपड़े पहनते हैं, मिठाई खिलाते हैं और शराब का सेवन करते हैं।



### मरने पर क्यों खुशी मनाते हैं लोग

दरअसल इस जनजाति के लोगों का मानना है कि मृत्यु हमारे लिए एक महान अवसर है क्योंकि ये आत्मा को भौतिक रूप से मुक्त करती है। दरअसल इस जनजाति का मानना है कि जीवन एक अभिशाप है, जो सजा के रूप में ईश्वर ने हमें दिया है।

### मौत पर नाचते-गाते जाते श्मशान

जिप्सी जनजाति में जब कोई व्यक्ति मरता है तो उसके शव को ढोल की धुन पर नाचते गाते और जुलूस निकालते हुए ले जाया जाता है। ये लोग तब तक नाचते हैं जब तक मृतक का शरीर पूरी तरह से राख में न बदल जाए। जब उस व्यक्ति का अंतिम संस्कार हो जाता है तो जनजाति के बाकि लोग भोज का आयोजन करते हैं। इस दौरान सभी लोग मिलकर शराब बनाते हैं, दरअसल इस जनजाति में सभी लोग शराब के बेहद शौकीन होते हैं।

### नवजात के पैदा होने पर दिया जाता है श्राप

*इस जनजाति में जब किसी घर में बच्चा पैदा होता है तो वो दुख मनाते हैं। इस मौके पर सभी उस बच्चे को श्राप देते हैं और उस दिन घर में खाना नहीं बनाया जाता। इस जनजाति के बच्चे न ही स्कूल जाते हैं और न ही पढ़ाई करते हैं। इसी तरह समुदाय की महिलाएं गहरे भूरे रंग की होती हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, इस समुदाय की महिलाएं वेश्यावृत्ति कर अपना गुजारा करती हैं और अपना परिवार चलाती हैं।*

*कंटेंट: बजरंग बुनकर*

X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
‘आपणो अग्रणी राजस्थान’ - हमारा संकल्प, हमारा लक्ष्य, आज मुख्यमंत्री कार्यालय में पम्प स्टोरेज परियोजना के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर परियोजना की वर्तमान प्रगति की समीक्षा करते हुए इस संदर्भ में अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए।

धुर विरोधी टीएमसी व भाजपा प्रस्ताव पर आए एक साथ... सीएम ममता बनर्जी व नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी एक सुर में बोले

# नहीं बंटेगा प. बंगाल, राज्य विधानसभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा में सोमवार को राज्य को विभाजित करने के किसी भी प्रयास के खिलाफ सोमवार को सर्वसम्मति से एक अहम प्रस्ताव पारित किया गया। इस प्रस्ताव अहम बात यह भी रही कि एक दूसरे की धुर विरोधी पार्टी सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी दल भाजपा एकमत नजर आई, जो कि दुर्लभ है।उससे भी बड़ी ताज्जुब की बात यह रही कि जिस विचार के खिलाफ यह प्रस्ताव पास किया गया है, उसके सुर भी भाजपा से उठे थे। दोनों दलों के एक साथ आने से यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हो गया। सदन में प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने भी अपने विचार रखे। गौरतलब है कि भाजपा पर पश्चिम बंगाल के विभाजन की मांग को हवा देने के आरोप लगते रहे हैं। हालांकि, पार्टी ने स्पष्ट किया है कि वह राज्य के विभाजन के विचार के खिलाफ है। उसने कहा है कि दरअसल वह पश्चिम बंगाल का, खासकर उत्तरी



जिलों का विकास चाहती है। प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि हम सहकारी संघवाद में यकीन करते हैं। हम राज्य को विभाजित करने की किसी भी कोशिश के खिलाफ हैं।

### संयुक्त पश्चिम बंगाल का समग्र विकास चाहते हैं: शुभेंदु अधिकारी

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने प्रस्ताव में यह पंक्ति शामिल करने का प्रस्ताव रखा कि हम संयुक्त पश्चिम बंगाल का समग्र विकास चाहते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि हम पश्चिम बंगाल को विभाजित करने की किसी भी कोशिश का विरोध करते हैं। ममता ने शुभेंदु के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया, जिसके बाद यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हो गया। उत्तरी पश्चिम बंगाल को मिलाते हुए एक अलग केंद्र-शासित प्रदेश बनाने की विभिन्न तबकों की मांग के बीच सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने नियम 185 के तहत सदन में प्रस्ताव पेश किया। ज्ञात रहे कि पिछले साल फरवरी में भी ध्वनि मत से इसी तरह का प्रस्ताव पारित किया गया था।

### तीन राज्यों के कुछ जिलों को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की उठी थी मांग

गौरतलब है कि पूर्व में सीएम ममता बनर्जी यह बात कह चुकी हैं कि केंद्र को जितनी ताकत लगानी हो लगा लें, मैं किसी कीमत पर बंगाल का बंटवारा नहीं होने दूंगी। गौरतलब है कि भाजपा के लोकसभा सांसद निशिकांत दुबे ने मांग उठाई थी कि बिहार, झारखंड और बंगाल के कुछ जिलों को अलग कर एक नया केंद्र शासित प्रदेश बनाया जाए। दुबे की इस मांग का समर्थन मुर्शिदाबाद से भाजपा के विधायक गौरीशंकर घोष ने भी किया था। इसके अलावा बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने ऐसा ही प्रस्ताव लेकर पीएम मोदी से मुलाकात की थी। उस वक्त सीएम ममता बनर्जी ने शुभेंदु अधिकारी पर निशाना साधा था।

## स्थानीय लोगों को मिले प्राथमिकता: राज ठाकरे



**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने सोमवार को कहा कि निजी क्षेत्र में रोजगार के अधिक अवसर पैदा हो रहे हैं, तो सरकारी नौकरियों में जाति आधारित आरक्षण से कितने लोगों को लाभ होगा। उन्होंने सोलापुर जिले के पंढरपुर शहर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कहा कि रोजगार के अवसरों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ठाकरे की यह टिप्पणी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की मांग को लेकर मराठा समुदाय के आंदोलन की पृष्ठभूमि में आई है। दूसरे राज्यों के छात्र आसानी से यहां (महाराष्ट्र) के शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश और नौकरी पाते हैं।

## उदयनिधि को डिप्टी CM बनाने का समय नहीं: स्टालिन

**चेन्नई।** द्रमुक अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अपने बेटे और खेल मंत्री उदयनिधि को उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग पर कहा कि इसके लिए अभी समय बाकी है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा की पार्टी में उदयनिधि को डिप्टी सीएम बनने की मांग तेज हो रही है, लेकिन इसके लिए अभी सही समय नहीं आया है। उदयनिधि वर्तमान समय में खेल और युवा कल्याण मंत्री का पद संभाल रहे हैं। वह चेन्नई मेट्रो रेल चरण-2 जैसी प्रमुख परियोजनाओं के कार्यान्वयन का निरीक्षण और समीक्षा करते हैं। स्टालिन ने कैबिनेट में फेरबदल की संभावनाओं पर सीएम स्टालिन ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उन्होंने कोलाथुर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 355.23 करोड़ रुपए की चल रही परियोजनाओं का निरीक्षण किया।

अनुच्छेद 370 की समाप्ति के 5 साल पूरे... भाजपा ने किया चुनावी शंखनाद

# जन आकांक्षा को करेंगे पूरा: मोदी अगले महीने होंगे विस चुनाव: रेड्डी

एजेंसी | जम्मू

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के सोमवार को 5 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों को विश्वास दिलाया कि केंद्र सरकार उनके लिए काम करती रहेगी और आने वाले समय में उनकी आकांक्षाओं को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि यह देश के इतिहास में एक बहुत ही जरूरी फैसला था। दूसरी ओर भाजपा ने इस अवसर पर जम्मू में एकात्म महोत्सव रैली आयोजित की जिसमें केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अगले महीने यानी सितंबर में विधानसभा चुनाव होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि यह जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में प्रगति और समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत थी।



इसका मतलब था कि भारत के संविधान को यहां सही अर्थों में लागू किया जा सकता है। संविधान निर्माताओं का भी यही सपना था। उन्होंने कहा कि यह देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण था। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 के प्रभाव से हटने के बाद लोगों की जिंदगी बदल गई है। इसके बाद यहां की महिलाओं, युवाओं, पिछड़े, आदिवासी और समाज के हाशिए पर मौजूद लोगों को सुरक्षा, सम्मान और नए अवसर मिले। यह लोग अब तक विकास के लाभ से वंचित थे। उन्होंने कहा, साथ ही इस कदम ने यह सुनिश्चित किया कि दशकों से जम्मू-कश्मीर में फैले भ्रष्टाचार को अब दूर कर दिया गया है। मैं जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों को आश्वस्त करता हूं कि हमारी सरकार उनके लिए काम करती रहेगी और आने वाले समय में उनकी आकांक्षाओं को पूरा करेगी।

### रैना व कई अन्य नेता भी हुए शामिल

रैली में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और जम्मू-कश्मीर प्रभारी तरुण चुघ और जम्मू-कश्मीर भाजपा के अध्यक्ष रविंदर रैना भी मौजूद थे। इन नेताओं ने भी रैली को संबोधित किया। इस रैली के साथ ही भाजपा ने प्रदेश में चुनावी शंखनाद कर दिया है।

### लोगों की इच्छाओं के अनुसार तैयार होगा चुनाव घोषणा पत्र: भाजपा

भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई की विधानसभा चुनाव घोषणा पत्र समिति की जम्मू पार्टी मुख्यालय में बैठक हुई। इसमें केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने दस्तावेज को अंतिम रूप देने से पहले व्यापक जनसंपर्क की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी अपने नीति निर्माण में आम लोगों की भागीदारी में विश्वास करती है। पार्टी अपना विधानसभा चुनाव घोषणा पत्र केंद्र शासित प्रदेश के लोगों की इच्छाओं के अनुरूप तैयार करेगी। पार्टी के एक प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने बैठक की अध्यक्षता की। जिसमें घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री निर्मल सिंह और समिति के अन्य सदस्यों ने भाग लिया।



## आतंकवाद के खात्मे के लिए भाजपा को दें वोट: रेड्डी

केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने सोमवार को जम्मू के बाहरी इलाके में बाना सिंह स्टेडियम में आयोजित एकात्म महोत्सव रैली में प्रदेश के लोगों से अनुरोध किया कि राज्य में विकास कार्यों को जारी रखने और आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए आगामी चुनावों में भाजपा को वोट दें। उन्होंने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी कि अगर उसने जम्मू कश्मीर में आतंकवाद का समर्थन किया तो उसका बुरा अंजाम होगा। जी किशन रेड्डी जम्मू-कश्मीर में भाजपा के चुनाव प्रभारी हैं। रेड्डी ने कहा कि हमें विश्वास है कि अनुच्छेद 370 को रद्द करके और संविधान को जम्मू-कश्मीर तक विस्तारित करके पार्टी द्वारा लाए गए बदलावों को देखते हुए लोग भाजपा को पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में लाएंगे।

### कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस पर साधा निशाना

रेड्डी ने नेशनल कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधते हुए कहा कि वे अनुच्छेद 370 को फिर से लागू करने की बात कर रहे हैं, जो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के जरिए जम्मू कश्मीर में केवल मौत और विनाश लाया है। उन्होंने कहा, लोगों को यह तय करना होगा कि वे जम्मू कश्मीर में कौन सी सरकार चाहते हैं। उनकी जो अनुच्छेद 370 को बहाल करने की बात कर रहे है या भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार - जो जम्मू-कश्मीर को विकास, शांति और समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर ले जाना चाहती है।

## जमीनी स्तर पर लोकतंत्र मजबूत हुआ: अमित शाह



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने से जम्मू कश्मीर और लद्दाख में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र मजबूत हुआ है। शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, अनुच्छेद 370 और 35 ए के ऐतिहासिक निरस्तीकरण के पांच साल पूरे हो गए हैं। इस परिवर्तनकारी निर्णय ने हाशिए पर मौजूद वर्गों के सशक्तीकरण के एक नए युग की शुरुआत की है और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत किया है। हम इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देते हैं और क्षेत्र की आकांक्षाओं और परिवर्तनकारी प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए अपने समर्पण की पुष्टि करते हैं।

## J&K और लद्दाख की भावनाओं के विपरीत है भाजपा की नीति: खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों को जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख के लोगों के खिलाफ बताते हुए जम्मू-कश्मीर में तत्काल विधानसभा चुनाव कराने की मांग की है। खरगे ने सोमवार को कहा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख पर भाजपा की नीति न तो 'कश्मीरियत' का सम्मान करती है और न ही 'जम्हूरियत' को बरकरार रखती है। मोदी सरकार ने दावा किया था कि इस कदम से जम्मू-कश्मीर को पूर्ण रूप से एकीकृत करने, क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और आतंकवाद तथा अलगाववाद को रोकने में मदद मिलेगी लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने पिछले पांच साल के दौरान जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमलों का विवरण देते हुए कहा साल 2019 के बाद से 683 घातक आतंकी हमले हुए हैं जिसके परिणामस्वरूप 258 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए और 170 नागरिकों की जान चली गई। विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार शपथ लेने के बाद से अब तक राज्य के जम्मू क्षेत्र में 25 आतंकवादी हमले हुए हैं जिसमें 15 सैनिक शहीद हो गए और 27 घायल हुए हैं। पिछले कुछ वर्षों में कश्मीरी पंडितों की लक्षित हत्याएं एक आदर्श बन गई हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने प. बंगाल सरकार से पूछा....

# 77 मुस्लिम जातियों को किस आधार पर दिया OBC कोटा!

हलफनामा दाखिल करने का निर्देश

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में 77 मुस्लिम जातियों को ओबीसी आरक्षण दिए जाने के फैसले पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने पूछा है कि आखिर राज्य सरकार ने किस आधार पर इन जातियों को ओबीसी का दर्जा दिया था। कलकत्ता हाई कोर्ट ने मई में ही इस आरक्षण को अवैध करार दिया था और 77 जातियों को ओबीसी की सूची से बाहर करने का आदेश दिया था। इसके साथ ही हाई कोर्ट ने 2010 के बाद पश्चिम बंगाल में जारी सभी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) प्रमाण पत्र रद्द कर दिए थे। जिस पर राज्य ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा के साथ सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने विवादित आदेश पर रोक लगाने की याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य से हलफनामा दाखिल करने को कहा। कोर्ट ने कहा कि सरकार ओबीसी में वर्गीकृत करने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया की कोई प्रकृति बताए। सरकार बताए कि कौन सा सर्वेक्षण किया गया। केस की सुनवाई के दौरान बंगाल सरकार की वकील ने इंदिरा जयसिंह ने ओबीसी कोटे को लेकर बनी जातिवार सूची पर उच्च न्यायालय की तीखी टिप्पणियों पर ऐतराज जताया। उन्होंने कहा कि क्या उच्च न्यायालय ही राज्य को चलाना चाहता है। उच्च न्यायालय ने अपनी सीमा से आगे जाकर फैसला दिया है।



### दलीलें सुनने के बाद सुनवाई पर सहमत हुआ सुप्रीम कोर्ट

इन दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने याचिका पर सुनवाई को लेकर सहमति जताई। सुनवाई के दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि फिलहाल बंगाल में कोई आरक्षण लागू नहीं हो पा रहा है। यह मुश्किल स्थिति है। इस पर इंदिरा जयसिंह ने कहा कि राज्य में पूरी आरक्षण व्यवस्था ही अटक गई है। दरअसल हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि किस जाति को कौन सा दर्जा देना है, यह आयोग का काम है। राज्य सरकार का नहीं है। आयोग 1993 में बना था और राज्य सरकार की ओर से 2012 में एक्ट लाया गया। इसमें बताया गया कि कैसे जाति प्रमाण पत्र मिलेगा और उसका आधार क्या होगा।

## अजित पवार की जन सम्मान यात्रा 8 से शुरू

एजेंसी | मुंबई

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले उपमुख्यमंत्री अजित पवार आठ अगस्त को नासिक के डिंडोरी में जन सम्मान यात्रा की शुरुआत करेंगे। 31 अगस्त तक पूरे महाराष्ट्र- उत्तर, विदर्भ, पश्चिम में यह यात्रा आयोजित की जाएगी। राकांपा (अजित पवार) के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमारी पार्टी तथा सत्तारूढ़ महायुति में सहयोगी पार्टियों भाजपा और शिवसेना (शिंदे) को एक साथ मिलकर आगामी विधानसभा चुनाव में लड़ना होगा। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल, कैबिनेट के कई मंत्री और विधायक शामिल थे। पटेल ने कहा कि अजित पवार पार्टी के कार्यकर्ताओं का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए मुलाकात करेंगे।

एमयूडीए भूमि घोटाले को लेकर सियासी घमासान

# भाजपा-जद (एस) की सिद्धारमैया सरकार को गिराने की साजिश: वेणुगोपाल

एजेंसी | बेंगलुरु (कर्नाटक)

कर्नाटक में कथित मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूमि घोटाले को लेकर सियासी घमासान जारी है। कांग्रेस ने कहा है कि वह कर्नाटक में पार्टी की सरकार को गिराने की भाजपा-जद(एस) की किसी साजिश के आगे नहीं झुकेगी और वे लोगों के पास जाएंगे तथा उन्हें तथ्य बताएंगे। दूसरी ओर भाजपा व जदएस ने सोमवार को तीसरे दिन भी एमयूडीए घोटाले को लेकर अपना मेसुरु चलो मार्च जारी रखा। दोनों पार्टियां इस मामले में सीएम सिद्धारमैया के इस्तीफे की मांग कर रही हैं।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के आवास पर मंत्रियों के साथ बैठक के बाद मीडिया मीडिया से बातचीत के दौरान यह बात कही। उन्होंने कथित मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूमि घोटाले पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को कारण बताओ नोटिस जारी करने के राज्यपाल थावरचंद गहलोत के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। वेणुगोपाल ने कहा कि हमें समझ में नहीं आता कि क्यों राज्य की सरकार को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। उन्होंने यह धारणा बनाने की कोशिश की कि सरकार अस्थिर होने वाली है। हमने



भाजपा-जद एस की साजिश के खिलाफ लड़ने का फैसला किया है। ज्ञात रहे कि सिद्धारमैया मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) और वाल्मीकि निगम घोटालों में विपक्ष के निशाने पर हैं।

### सरकार को अस्थिर करने की कोशिश

वेणुगोपाल ने दावा किया कि भाजपा और जद-एस गरीबों के लिए गारंटी योजनाओं के सफल कार्यान्वयन के कारण सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं को विपक्ष के राजनीतिक हितों के लिए खतरा माना जाता है, जिससे वे विवाद पैदा करते हैं और सरकार की स्थिरता को कमजोर करते हैं। उन्होंने कहा कि कहा, राज्य में पिछली कांग्रेस के नेतृत्व वाली जेडीएस-कांग्रेस गठबंधन सरकार को भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की साजिश के कारण गिराया गया था।

### भाजपा-जदएस का मेसुरु चलो मार्च जारी

कर्नाटक में भाजपा और जद एस की मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) घोटाले को लेकर मार्च सोमवार को तीसरे दिन भी जारी रही। इस पदयात्रा के दौरान दोनों पार्टियां कथित एमयूडीए और वाल्मीकि कॉर्पोरेशन में हुए घोटाले को मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही हैं। पदयात्रा तीसरे दिन केंगल से शुरू हुई। मार्च शुरू होते ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बी वाई विजयेंद्र, विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक तथा जेडीएस के कई नेताओं, विधायकों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। विपक्षी नेताओं ने मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग भी की।



### झूठे मुकदमे बनाने का आरोप

वेणुगोपाल ने भाजपा और जद (एस) नेताओं पर कांग्रेस सरकार के खिलाफ मुद्दे बनाकर अपने और अपने परिवार के सदस्यों के हितों की रक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रज्वल रेवन्ना मामले का उदाहरण देते हुए कहा कि किस तरह ये दल कांग्रेस सरकार के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। उन्होंने सिद्धारमैया का बचाव करते हुए उनकी जनसेवा और ईमानदारी के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। वेणुगोपाल ने कहा कि सिद्धारमैया की राजनीतिक यात्रा और मूल्य कर्नाटक के लोगों के बीच सुप्रसिद्ध और सम्मानित हैं।

## जरूरी खबर

### तेजस MK-1A की समय पर आपूर्ति का दिया भरोसा

**नई दिल्ली।** सरकारी विमान निर्माता कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने कहा है कि सितंबर से अमेरिकी कंपनी जीई हमें इंजन की डिलीवरी करना शुरू देगी और हम तय समय सीमा में वायुसेना को तेजस एमके-1ए सौंपना शुरू कर देंगे। एचएएल ने भरोसा दिलाया है कि 16 एलसीए एमके1ए को वह इसी वित्त वर्ष में भारतीय वायुसेना को सौंप देगी। ज्ञात रहे कि स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान एलसीए तेजस एमके-1ए की समय पर डिलीवरी न कर पाने को लेकर वायुसेना नाराज बताई जा रही है। एचएएल के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि हम तय समय सीमा के अंदर सभी विमान वायुसेना को सौंप देंगे। ज्ञात रहे कि भारतीय वायुसेना को पहले एलसीए-एमके 1ए की डिलीवरी इस साल नवंबर तक होनी है। इससे पहले एचएएल ने पहले फरवरी, फिर मार्च, उसके बाद जुलाई, फिर अगस्त की डेडलाइन दी थी।

### उत्तराखंड: 1,401 तीर्थयात्रियों को निकाला गया



**देहरादून/ शिमला।** उत्तराखंड और हिमाचल में वर्षा, बादल फटने और बाढ़ के चलते काफी नुकसान हुआ है। उत्तराखंड की केदारघाटी में सोमवार को एक और शव बरामद हुआ है। घाटी में अब तक पत्थरों और मलबे में दबे चार शव मिल चुके हैं। इसके साथ ही सोमवार को 1,401 तीर्थयात्रियों को निकाला गया है। केदारघाटी में 31 जुलाई को पैदल मार्ग पर बादल फटने के बाद भूस्खलन होने से फंसे तीर्थ यात्रियों को निकालने के लिए सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस के जवान छह दिन से जुटे हैं। धाम तक पहुंचने के लिए क्षतिग्रस्त पैदल मार्ग और पुल बनाने का काम शुरू हो गया है।

### मोदी की यूक्रेन की यात्रा की तैयारियां शुरू

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस माह यूक्रेन की यात्रा की तैयारी हो रही है, जहां उनकी राष्ट्रपति व्लॉदिमीर जेलेन्स्की के साथ रूस यूक्रेन संघर्ष विराम के बारे में महत्वपूर्ण बातचीत होने की संभावना है। सूत्रों ने कहा कि विदेश मंत्रालय ने मोदी की यूक्रेन यात्रा की तैयारियां शुरू कर दी हैं। उन्होंने हालांकि इसकी तारीख के बारे में कुछ नहीं बताया। माना जा रहा है कि स्वतंत्रता दिवस के बाद पीएम मोदी कीव जा सकते हैं। पीएम मोदी ने हाल ही रूस का दौरा किया था। हालांकि अमेरिका को यह दौरा रास नहीं आया था।

## वित्तीय सामंजस्य पर सशस्त्र बलों का सम्मेलन




*नई दिल्ली। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान सोमवार को नई दिल्ली में सशस्त्र सेनाओं में वित्तीय सामंजस्य व तालमेल बढ़ाने पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित किया। जनरल चौहान ने भू-राजनीतिक गतिशीलता और तकनीकी प्रगति से प्रेरित युद्ध की प्रकृति और स्वरूप में तेजी से हो रहे बदलाव के कारण वित्तीय प्रक्रियाओं में बदलाव को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया है।*

### केजरीवाल को राहत नहीं, HC में याचिकाएं खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले के मामले में आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो की ओर से दर्ज मुकदमा रद्द किए जाने और जमानत के लिए दायर उनकी याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं। न्यायाधीश नीना बंसल कृष्णा की एकल पीठ ने अपना आदेश सुनाते हुए कहा कि सीबीआई के पास केजरीवाल को गिरफ्तार करने का पर्याप्त कानूनी आधार था। उन्होंने कहा, यह नहीं कहा जा सकता कि गिरफ्तारी बिना किसी न्यायोचित कारण के की गई। उच्च न्यायालय ने गुण-दोष के आधार पर इस मामले में कोई निर्णय लेने से इनकार कर दिया, लेकिन याचिकाकर्ता को निचली अदालत का दरवाजा खटखटाने की छूट दी। एकल पीठ ने जमानत याचिका पर कहा कि याचिकाकर्ता को निचली अदालत जाने की छूट है।

## SC ने केंद्र और दिल्ली सरकार को जारी किया नोटिस, मांगा जवाब

# कोचिंग संस्थान मौत के चेंबर छात्रों के जीवन से खिलवाड़: SC

### सुरक्षा मानक सुनिश्चित होने तक केवल ऑनलाइन क्लास चलाई जाएं

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली में आईएएस परीक्षा की तैयारी कराने वाले एक कोचिंग सेंटर में तीन छात्रों की मौत पर सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला दिया है। अदालत ने कहा कि जब तक कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित नहीं किया जाता, तब तक ऑनलाइन क्लास ही चलाई जाएं। अदालत ने स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा कि कोचिंग सेंटर अभ्यर्थियों की जिंदगी से खेल रहे हैं, जो देश के अलग-अलग हिस्सों से आकर पढ़ते हैं। शीर्ष अदालत ने इस मामले में केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है कि कैसे सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए।




इसके साथ ही कोर्ट ने उत्तर प्रदेश व हरियाणा को भी पक्षकार बनाने का निर्देश दिया और उन्हें भी नोटिस जारी किया है। सभी को 20 सितंबर तक जवाब दाखिल करना होगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह घटना आंखें खोलने वाली है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्ज्वल भुयां की बेंच ने कहा, ये मौत के चेंबर बन गए हैं। ये लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। सुरक्षा नियमों का अनुपालन न करने की सूरत में किसी भी संस्थान को संचालन की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि सभी कोचिंग संस्थानों को फायर और सेफ्टी के सभी नियमों का पालन करना होगा। दिल्ली मास्टर प्लान 2021 के अनुसार सारे मानक पूरे किए जाएं। इन मानकों में सुरक्षित निकालने का रास्ता, हवादार परिसर, उचित प्रकाश, अग्निकांड जैसी घटनाओं से निपटने की तैयारी शामिल हैं।

#### बिना सुरक्षा नियमों की पालना के कोई कोचिंग संस्थान नहीं चले

अदालत ने केंद्र और दिल्ली सरकार से कहा कि वे इस बात की जांच करें कि अब तक किन सुरक्षा नियमों का पालन हो चुका है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा, कोई भी कोचिंग संस्थान दिल्ली ही नहीं बल्कि एनसीआर में बिना सुरक्षा नियमों की पालन के नहीं चलनी चाहिए। छात्रों की सुरक्षा के लिए यह जरूरी है। कोचिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से दाखिल अर्जी पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश दिया। फेडरेशन ने अपनी अर्जी में दिल्ली हाई कोर्ट की ओर से दिसंबर, 2023 में दिए आदेश को चुनौती दी थी।

## शेयर बाजार में कोहराम

# निवेशकों के 15 लाख करोड़ से अधिक डूबे

**एजेंसी** | मुंबई

अमेरकी अर्थव्यवस्था में मंदी आने की आशंका से शेयर बाजार के ढाई प्रतिशत से अधिक टूटने से मचे कोहराम से सोमवार को निवेशकों के 15 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा डूब गए। बीएसई के तीस शेयरों वाले संवेदी सूचकांक के सोमवार को 2222.55 अंक अर्थात 2.74 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ करीब पांच सप्ताह के निचले स्तर 78,759.40 अंक पर आने से बाजार का पूंजीकरण 4,41,84,150.03 करोड़ रुपए पर आ गया। वहीं, पिछले सप्ताह कारोबार के अंतिम दिन शुक्रवार को सेंसेक्स के 885.60 अंक की भारी गिरावट के साथ पांच दिन के बाद 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 80,981.95 अंक पर आने से बाजार पूंजीकरण 4,57,16,946.13 करोड़ रुपए पर रहा। इससे निवेशकों के 1532796.1 करोड़ रुपए डूब गए। इस तरह महज दो कारोबारी दिवस शुक्रवार और सोमवार को बाजार में भूचाल आने से निवेशकों ने 1978799.8 करोड़ रुपए गंवा दिए।



#### रुपया लुढ़ककर सार्वकालिक निचले स्तर पर

**मुंबई।** दुनिया की सबसे शक्तिशाली अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मंदी की चपेट में आने की आशंका में विदेशी पूंजी के बाहर निकाले जाने के आसन्न खतरे के दबाव में सोमवार को अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 31 पैसे की भारी गिरावट के साथ 84.04 रुपए प्रति डॉलर के सार्वकालिक निचले स्तर पर आ गया।

## जम्मू कश्मीर: सुरक्षा बलों ने तेज किया तलाशी अभियान

# LOC पर संदिग्ध नजर आए, सेना ने की फायरिंग

**एजेंसी** | जम्मू

जम्मू-कश्मीर के अखनूर और सुंदरबनी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास रविवार आधी रात को संदिग्ध घुसपैठियों के दो समूहों की संदिग्ध गतिविधि का पता लगने के बाद सेना के जवानों ने उन पर गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया कि दूसरी तरफ से गोलीबारी की कोई सूचना नहीं है, लेकिन सीमा पार से घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम करने के लिए अखनूर और सुंदरबनी सेक्टर में बड़े पैमाने पर तलाश अभियान शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा अनंतनाग में सोमवार को तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। सुरक्षा बलों के ज्वाइंट चेकिंग ऑपरेशन में तीनों को हिरासत में लिया गया। उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद मिले हैं। इसमें मैगजीन सहित एक पिस्तौल, गोलियां, ग्रेनेड और आईईडी शामिल है।

#### ■ तीन संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार



अधिकारियों के मुताबिक, जम्मू के बाहरी इलाके में स्थित अखनूर के बट्टल सेक्टर में अग्रिम क्षेत्र में रविवार रात करीब डेढ़ बजे तीन से चार घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखी गई, जिसके बाद सेना के मुस्तैद जवानों ने गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि रात में इलाके में ड्रोन के जरिये निगरानी की गई और कड़ी घेराबंदी के लिए अतिरिक्त बल तैनात किए गए। सुबह होते ही तलाश अभियान शुरू कर दिया गया। अधिकारियों के अनुसार, सेना के जवानों ने राजौरी जिले के सुंदरबनी-नौशेरा सेक्टर में अग्रिम इलाके में रात करीब साढ़े 12 बजे संदिग्ध गतिविधि देखी, जिसके बाद उन्होंने कई राउंड गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया कि नियंत्रण रेखा से सटे इलाके में तलाश अभियान जारी है।

### BIMSTEC शिखर सम्मेलन आज से

**नई दिल्ली।** भारत 6-8 अगस्त तक राजधानी दिल्ली में पहले बिम्सटेक बिजनेस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। विदेश मंत्रालय, भारतीय उद्योग परिसंघ के सहयोग से तीन दिवसीय इस कार्यक्रम की मेजबानी करेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर व्यापार शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि शिखर सम्मेलन में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और अन्य बड़े नेता अपनी बात रखेंगे। बिम्सटेक दक्षिण एशिया के पांच देशों बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, भारत और श्रीलंका और दक्षिण-पूर्व एशिया के दो देशों म्यांमार और थाईलैंड को जोड़ता है।

## कृषि मंत्री चौहान के खिलाफ प्रस्ताव लाएगी कांग्रेस

**एजेंसी** | नई दिल्ली

मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाएगी। यह जानकारी कांग्रेस के राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला और दिग्विजय सिंह ने दी। कांग्रेस नेताओं ने चौहान पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया। सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार किसान विरोधी है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ मोदी सरकार संसद में कहती है कि किसानों को लागत पर 50 प्रतिशत का मुनाफा देंगे लेकिन दूसरी तरफ



स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को कूड़ेदान में डाल दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी सरकार सदन को गुमराह कर रही है क्योंकि सदन में भले ही किसानों को लागत पर 50 फीसदी मुनाफे की बात करती है, लेकिन सरकार ने 06 फरवरी 2015 को सुप्रीम कोर्ट में शपथ पत्र देकर कहा कि किसान को लागत पर कभी भी 50 प्रतिशत मुनाफा नहीं दिया जा सकता है।

## कैबिनेट की सुरक्षा मामलों की समिति की बैठक

# पीएम मोदी ने मंत्रियों के साथ किया बांग्लादेश के हालात पर मंथन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पड़ोसी देश बांग्लादेश में हुए तख्ता पलट और राजनीतिक उथल-पुथल के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार शाम अपने आधिकारिक आवास पर कैबिनेट की सुरक्षा मामलों की समिति की एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में बांग्लादेश के हालात पर गहन मंथन हुआ। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मामले के अहम पहलुओं को कैबिनेट की कमेटी के सामने रखा। बांग्लादेश में नौकरी में आरक्षण खत्म करने की मांग पर छात्रों के भारी विरोध और हिंसा के बीच वहां की प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से इस्तीफा देकर देश छोड़कर भागना पड़ा है।



सुरक्षा पर मंत्रिमंडल समिति की बैठक से अलग विदेश मंत्री जयशंकर ने प्रधानमंत्री मोदी को बांग्लादेश की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी है। पीएम मोदी के साथ बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल थे। इसके अलावा लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी विदेश मंत्री जयशंकर से बात की है।

### इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र पर हमला, हिंदू समुदाय आशंकित, 300 भारतीय ट्रक फंसे

बांग्लादेश में हिंसक भीड़ ने ढाका स्थित इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र और चार हिंदू मंदिरों पर हमला किया है। इन हमलों में मंदिरों को मामूली नुकसान हुआ है। कुछ हिंदुओं को भी निशाना बनाए जाने की सूचना है। बांग्लादेश के हिंदू, बौद्ध और ईसाई एकता परिषद के नेता काजोल देबनाथ ने बताया है कि देश के चार मंदिरों पर हमले हुए हैं। इन हमलों में मंदिरों को मामूली नुकसान हुआ है। प्रधानमंत्री हसीना के सत्ता से हटने के बाद हिंदू समुदाय के लोगों में स्थिति को लेकर डर है, लेकिन अभी तक कोई बड़ी घटना सामने नहीं आई है।

सीमा पर पेट्रापोल लैंड पोर्ट से माल की आवाजाही सोमवार को रुक गई। पेट्रापोल के क्लीयरिंग एजेंट्स स्टाफ वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव कार्तिक चक्रवर्ती ने बताया कि बांग्लादेश की ओर 250-300 भारतीय ट्रक फंसे हुए हैं। पेट्रापोल भारत-बांग्लादेश की सीमा पर स्थित लैंड पोर्ट है। चक्रवर्ती ने कहा कि हम बांग्लादेश के नए प्रशासन से ट्रकों, माल और ड्राइवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध करेंगे।

#### शेख हसीना के बेटे का दावा

### अब राजनीति में वापसी नहीं, अपने खिलाफ जनभावना से थीं निराश

इस बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना के बेटे और पूर्व मुख्य सलाहकार सजीब वाजेद जॉय ने कहा कि अब पूर्व पीएम के राजनीति में वापस आने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा, देश में बदलाव लाने को लेकर उन्होंने कई प्रयास किए। इसके बावजूद, उनकी सरकार के खिलाफ मजबूत जनभावना से वह काफी निराश हैं। इसलिए उन्होंने पीएम का पद छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि शेख हसीना रविवार से ही इस्तीफा देने पर विचार कर रही थीं। परिवार वालों के जोर डालने पर उन्होंने अपनी सुरक्षा के लिए देश छोड़ा है। जॉय ने कहा, उन्होंने (शेख हसीना) बांग्लादेश को बदल दिया। जब उन्होंने सत्ता संभाली तो इसे असफल राज्य बताया जाता था। यह गरीब देश था। मगर, अब इसे एशिया के उभरते हुए देशों में से एक माना जाने लगा। उनके बेटे ने इन आरोपों को सिरे से नकार दिया कि सरकार प्रदर्शनकारियों के साथ सख्ती दिखा रही थी। जॉय ने कहा, 'उन लोगों ने रविवार को ही 13 पुलिसकर्मियों को पीट-पीटकर मार डाला।

### पूर्व PM खालिदा जिया की जेल से रिहाई के आदेश

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया जेल से रिहा होने वाली हैं। बांग्लादेशी राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने उनकी रिहाई के आदेश सोमवार को जारी किए। रिपोर्ट के अनुसार, यह फैसला विपक्षी दल के सदस्यों के साथ बैठक में लिया गया। मीटिंग में शहाबुद्दीन ने सर्वसम्मति से बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया को तुरंत रिहा करने का फैसला किया है।

## रवींद्र मंच पर मंचित नाटक 'ब्लैक बिंदी' में दिया भावुक मैसेज

# संस्कृति के नाम पर सदियों से थोपी जा रही हैं कुरीतियां

बेधड़क | जयपुर

कला मंच पर साकार हो रही थी, लेकिन भावुकता दर्शकों की आंखों में थी। कारण, कहानी दर्द ही कुछ ऐसा बयां कर रही थी। मौका था रवींद्र मंच पर ब्लैक बिंदी नाटक के मंचन का। नाटक को देखने के लिए कला प्रेमियों के साथ अन्य मौजूद रहे। नाटक का मुख्य पात्र बोल नहीं सकता। इसके बावजूद वह सबकुछ कह गया। ब्लैक बिंदी समाज की उस सड़ी-गली विचारधारा पर उभरता हुआ कलंक है जो सभ्य समाज में जीने के पैमाने निर्धारित करता है। वह समाज जो खुद को सभ्य बनाने में सदियों से पाखंडों, कुरीतियां को संस्कृति के नाम से सब पर थोपता आया है। वहां आज भी प्रेम को जिंदा रहने के लिए कई कुर्बानियां देनी पड़ती है या यूं कहे कि प्रेम का अर्थ ही स्वयं की कुर्बानी देना है और अगर प्रेम समलैंगिक हो तो परिवार ही जमीन पर नर्क का द्वार खोल देता है।




### प्राकृतिक मानने से किया इनकार

नाटक में कलाकारों ने दर्शाया कि समलैंगिकता की भावना मनुष्य के मनुष्य बनने से ही है, लेकिन गुजरती सदियों ने इसे प्राकृतिक मानने से इनकार कर दिया। धर्मों का सहारा लेकर इंसान इस प्राकृति को कुचलने की भरसक कोशिश की। लोगों ने अपनी भावनाओं के बवंडर को जिस्म के किसी भयावह तहखाने में बंद कर दिया। जब कभी इस तहखाने में हलचल होती है वह इस सभ्य समाज के पैमाने में खौफ की शराब पीकर खुद को अनचाहे नशे में डुबो लेता है। नाटक इसी सभ्य समाज पर धब्बा है और खुद को बंद तहखाने से आजाद करती है।



### इन्होंने जीवंत किए किरदार

नाटक के मुख्य किरदारों में अपूर्वा चतुर्वेदी, सुमन सुहाग, महेश शर्मा, रितिक ललनी, राजीव बैरवा, रोहिताश योगी, खुशी शर्मा रहे। नाटक में सहायक निर्देशक सुमन सुहाग व राजीव बैरवा थे। संगीत का संचालन जय सेनी ने किया। वस्त्र विन्यास व रूप सज्जा रितिक ललनी ने की। आयोजकों ने बताया कि ब्लैक बिन्दी नाटक बहुत कम समय में तैयार किया गया।



## एसके जयपुर ओपन-सुपर लीग 2024

# प्रखर ग्रॉस विनर और हेमेंद्र चौधरी ग्रॉस रनर-अप रहे



**बेधड़क, जयपुर।** रामबाग गोल्फ क्लब (आरजीसी) में हुए 5वें मंथली गोल्फ टूर्नामेंट 'एसके जयपुर ओपन-सुपर लीग 2024' के समापन पर अलग-अलग श्रेणियों और हैंडीकेप्स में विजेता व उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इसमें प्रखर असावा (जयगढ़ हाउस) ग्रॉस विनर और ग्रॉस रनर-अप हेमेंद्र चौधरी (जयगढ़ हाउस) रहे। सभी विजेताओं को रामबाग गोल्फ क्लब के कैप्टन शिरीष सचेती, मानद सचिव हेम सिंह खंगारोत और टूर्नामेन्ट कन्वनीर शरद अग्रवाल द्वारा पुरस्कृत किया गया। शिरीष सचेती ने बताया कि हैंडीकैप कैटेगरी 00-11 में विपुल मिश्रा (अल्बर्ट हाउस) विजेता और हैदर अली (अल्बर्ट हाउस) उपविजेता रहे। हैंडीकैप कैटेगरी 12-18 में अतुल पोद्दार (अल्बर्ट हाउस) विजेता और उपविजेता वेदांत सिंह (आमेर हाउस) थे। वहीं हैंडीकैप कैटेगरी 19-24 में आर्यम शर्मा (नहारगढ़ हाउस) विजेता और अजय वीर सिंह (अल्बर्ट हाउस) उपविजेता रहे। टूर्नामेंट में वेटरन गोल्फर के विजेता डॉ. बी एम रतूड़ी (अल्बर्ट हाउस) और उपविजेता प्रताप सिंह (जयगढ़ हाउस) रहे। वहीं लेडीज गोल्फर में विजेता श्रीजा जैन (जयगढ़ हाउस) और उपविजेता सारा चौधरी (आमेर हाउस) रहीं। इसी प्रकार अन्य श्रेणियों में नियरेस्ट टू पिन के विजेता कुणाल कुच्छल (अल्बर्ट हाउस) और श्रीजा जैन (जयगढ़ हाउस), लॉन्गेस्ट ड्राइव के विजेता संजय एस शेखावत (अल्बर्ट हाउस), लॉन्गेस्ट ड्राइव-वेटरन के विजेता कर्नल राज सिंह (जयगढ़ हाउस) रहे। इसी तरह स्ट्रेट ड्राइव के लिए पुरस्कार संदीप शर्मा (आमेर हाउस) और स्ट्रेट ड्राइव-वेटरन का खिताब डॉ. राजीव एल तिवारी (जयगढ़ हाउस) ने जीता।

## TPA अवॉर्ड समारोह आज

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर टाइगर फेस्टिवल की टाइगर फोटो एग्जीबिशन का अवॉर्ड समारोह मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। होटल क्लार्क्स आमेर में होने वाले कार्यक्रम में एग्जीबिशन की बेस्ट फोटोज के फोटोग्राफर्स को सम्मानित किया जाएगा। राजस्थान हेरिटेज, आर्ट एंड कल्चरल फाउंडेशन की ओर से जवाहर कला केन्द्र में छठे जयपुर टाइगर फेस्टिवल (जेटीएफ) का आयोजन 27 से 30 जुलाई को किया गया था। समारोह की मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और विशिष्ट अतिथि चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर होंगे। बतौर स्पेशल गेस्ट पूर्व आईएएस पवन अरोड़ा और हेल्प इन सफरिंग की ट्रस्टी टिम्मी कुमार मौजूद रहेंगे।

# City इवेंट्स

## नेचर लवर्स ग्रुप ने किया प्लांटेशन



**बेधड़क. जयपुर।** बात हरियाली की आई तो हर कोई आगे बढ़ा और ग्रीनरी लाने का प्रयास किया। मौका था नेचर लवर्स ग्रुप की ओर से एक पेड़ देश के नाम, एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण का अभियान में भागीदारी का। 1 जुलाई से चल रहे अभियान के दौरान अर्पित नगर व प्रताप स्टेडियम के अंदर और बाहर मार्केट के आसपास पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में पीपल, नीम, बरगद, अमरूद, जामुन, कदंब आम के पौधे लगाए गए। अध्यक्ष नेचर लवर्स ग्रुप श्रीकांत गुप्ता ने बताया कि अभियान का उद्देश्य पूरा करने में भूमिका निभाने वालो को मोटिवट किया गया।

## वैक्स म्यूजियम देखकर हुए अचंभित



**बेधड़क. जयपुर।** बालरूम डांसर, कोरियोग्राफर, एक्टर संदीप सोपारकर जयपुर वैक्स म्यूजियम देखकर अचंभित रह गए। चित्रांगदा एक सशक्त नारी के मंचन के लिए जयपुर आए सोपारकर ने बताया कि देसी जयपुर वैक्स म्यूजियम को यही वास्तविक रूपी माहौल अन्य वैक्स म्यूजियम से अलग करता है। 25 लाख से भी ज्यादा कांच के टुकड़ों से बने शीशमहल की चकाचौंध देखकर संदीप अलग दुनिया में चले गए। सोपारकर के साथ चित्रांगदा नाटक की टीम ने भी विजिट किया।

## कम्युनिटी इन्वॉल्वमेंट डे मनाया



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर के श्योपुर गांव स्थित महात्मा गांधी राजकीय विधालय शाला प्रांगण में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के राज्य परियोजना शिक्षा सप्ताह में कम्युनिटी इन्वॉल्वमेंट डे मनाया गया। इसके तहत समुदाय को विद्यालय से जोड़ने के लिए विद्यार्थियों की रैली निकाल कर पोस्टरों का प्रदर्शन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मोहित टेलर और विशिष्ट अतिथि के रूप में यधुराज शर्मा, सुरेश महरवाल, डॉ. राकेश केदावत, भरतलाल अग्रवाल रहे। सभी भामाशाह का माला व साफा पहनाकर ओमप्रकाश शर्मा, नरेन्द्र कुमार शर्मा, बिमलेश शर्मा आदि ने स्वागत किया। संजनी शर्मा ने भामाशाह को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। कृष्ण भोग व वृक्षारोपण और वितरण का कार्यक्रम किया गया।

## जीएसटी अधिकारियों के साथ व्यापारियों का संवाद

# जीएसटी भारत का अब तक का सबसे बड़ा कर सुधार



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने अपने सदस्यों व आम व्यापारीगणों के हितार्थ जीएसटी की समस्याओं व उनके प्रस्तावित समाधान पर संवाद सत्र का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि स्पेशल सेक्रेटी तथा सदस्य सीबीआई शशांक प्रिया के साथ सत्र में मुख्य आयुक्त सीजीएसटी जयपुर महेन्द्र रंगा और प्रधान आयुक्त सीजीएसटी जयपुर सीके जैन विशिष्ठ अतिथि रहे। सत्र में राजस्थान चैम्बर अध्यक्ष डॉ. केएल जैन ने कहा कि जीएसटी भारत का अब तक का सबसे बड़ा कर सुधार है। साथ ही उन्होंने कहा कि इससे व्यापारियों को पुरानी कर प्रणाली की अपेक्षा काफी लाभ हुआ है।

जीएसटी की दरों को तर्क संगत बनाया जाना चाहिए। 4 स्लैब के स्थान पर तीन कर स्लैब 5, 15 और 40 प्रतिशत रखी जानी चाहिए तथा पेट्रोल व डीजल को जीएसटी के दायरे में लाया जाना चाहिए। मुख्य अतिथि शशांक प्रिया ने सुझावों को जीएसटी काउंसिल में विचारार्थ प्रेषित करने का आग्रह किया।

उन्होंने विवाद निवारण के लिए गठित केन्द्रीय जीएसटी काउंसिल के बारे में अवगत कराया। महेन्द्र रंगा और सी. के. जैन ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर चैम्बर के प्रधान सलाहकार राजीव अरोड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरएस जैमिनी, आत्माराम गुप्ता, उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश, मानद महासचिव डॉ. अरुण अग्रवाल व एनके जैन के साथ कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सामाजिक गौरव सम्मान पुरस्कार समारोह

# न्याय के क्षेत्र में काम करने वाली 70 प्रतिभाओं का सम्मान



बेधड़क | जयपुर

राष्ट्रीय सामाजिक गौरव सम्मान पुरस्कार समारोह-2024 में न्याय के क्षेत्र में अच्छा काम करने वाली 70 प्रतिभाओं को सम्मानित किया तो वे रोमांचित हो उठे। इस मौके पर केन्द्रीय सामाजिक न्याय व महिला अधिकारिता विभाग के अधीन बनाए गए सामाजिक न्याय व महिला अधिकारिता बोर्ड के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पद पर अनिल चौधरी ने पद की शपथ ली। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में पूर्व केन्द्रीय मंत्री व बोर्ड संरक्षक नागमणि कुशवाहा की उपस्थिति में आयोजित समारोह में चौधरी ने कार्यभार ग्रहण किया। नागमणि कुशवाहा ने कहा कि देश में कही भी पीड़ित व्यक्ति बोर्ड के सामने मदद की अपील करेगा तो बोर्ड उसे न्याय दिलाने तक संघर्ष करेगा।

इसके लिए हेल्प लाइन नंबर जारी किया गया है। वहीं बोर्ड के महानिदेशक एनपी आनंद ने कहा कि हाल ही ट्रांसजेंर को लेकर भी कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। अनिल चौधरी ने कहा, कि यह हकीकत है कि अन्याय का खात्मा न्याय के माध्यम से ही हो सकता है। इसके लिए प्रेम, करुणा, जात पात से परे होकर मानवता के लिए कार्य किया जाएगा।

बोर्ड के सभी सदस्य और कार्यकर्ता 24 घंटे आमजन के लिए कार्य करेंगे। कार्यक्रम में एक्ट्रेस वीजे अमन, निशित कुमार, पूर्व आईएएस पीसी बेरवाल, एमएसएमएसई के विजय कुमार सहित प्रदेशभर से आए आमजन तथा बोर्ड के सदस्य शामिल हुए।

**सम्मान समारोह** | आईसीएआई ने मई 2024 सीए फाइनल में सफल 400 नए सीए मेंबर्स को दिए मेडल

# मेडल पहनाए तो भावुक हुए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स युवा

बेधड़क | जयपुर

आईसीएआई की जयपुर शाखा ने मई 2024 सीए फाइनल परीक्षा में सफल हुए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सम्मानित करने व उनका पथ प्रदर्शन करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया।

सम्मान समारोह के दौरान सेंट्रल कॉउन्सिल मेंबर सीए प्रकाश शर्मा ने नए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को बधाई देते हुए उनकी सफलता की प्रशंसा की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि प्रोग्राम का उद्देश्य नए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का मार्गदर्शन करना था, ताकि वे कॅरियर का सही चयन कर सके। साथ ही नए अवसर और वर्तमान में वैश्विक बाजार की संभावनाओं के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सीनियर मेंबर्स सीए राजीव सोगानी व सीएएसआर शर्मा मौजूद रहे।



### चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना गर्व की बात

रीजनल काउंसिल मैंबर सीए अनिल कुमार यादव ने सभी क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने की कामना की और कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना एक गर्व की बात है और यह एक अद्भुत समय है जब आपने अपने शिक्षा, धैर्य, और मेहनत से यह उपलब्धि हासिल की है। जयपुर शाखा अध्यक्ष सीए नवीन शर्मा और सचिव सीए विजय कुमार अग्रवाल ने नए सीए को उनकी प्रतिभा और मेहनत के लिए बधाई दी।

### कोड ऑफ कंडक्ट का पालन करने पर जोर

अग्रवाल ने नए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को कोड ऑफ कंडक्ट का पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। उन्होंने बताया कि कोड ऑफ कंडक्ट में नैतिकता, पारदर्शिता, ईमानदारी और पेशेवरता के उच्च मानकों को बनाए रखना शामिल है और यह सुनिश्चित करता है कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अपनी जिम्मेदारियों को सही तरीके से निभाएं और आर्थिक प्रगति में अपना योगदान दें। समारोह के दौरान करीब 400 नए सीए मेंबर्स को मैडल देकर सम्मानित किया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, मंगलवार, 06 अगस्त, 2024



असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो, क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### मुजीबुर्रहमान की तरह ही 50 साल बाद बांग्लादेश में फिर से वही गलती कर गई बेटी

# बांग्लादेश में सैनिक शासन के आसार... हालात बेकाबू





**एजेंसी** | ढाका

बांग्लादेश में लोगों के प्रदर्शन के बाद हालात बेकाबू होने पर परिस्थिति को देखते हुए बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और देश छोड़ दिया है। बांग्लादेश में अब अंतरिम सरकार सेना चलाएगी।

पिछले दो दिनों में शेख हसीना सरकार के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों में 100 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। बांग्लादेश में हाल ही में स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों के लिए 30 प्रतिशत नौकरी कोटा बहाल करने के उच्च न्यायालय के आदेश ने देश में गंभीर तनाव पैदा कर दिया है। बता दें 170 मिलियन की जनसंख्या वाले इस देश में लगभग 32 मिलियन युवा बेरोजगार हैं। छात्रों ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों के लिए इस कोटा को समाप्त करने की मांग की है और इसके खिलाफ व्यापक विरोध किया।

## 'रजाकर' कहा विरोध करने वालों को

प्रधानमंत्री शेख हसीना ने छात्रों की इस मांग को पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया और चल रही अदालती कार्यवाही का हवाला देते हुए विरोध प्रदर्शन करने वाले छात्रों को 'रजाकार' करार दिया। उल्लेखनीय है कि 'रजाकार' उन लोगों को कहा जाता था जिन्होंने 1971 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना के साथ सहयोग किया था। उनकी टिप्पणियों ने विरोध प्रदर्शन को और उकसाया, जिससे ढाका विश्वविद्यालय में हजारों छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया।

## प्रदर्शनकारियों को आतंकी करार दिया

वहीं, प्रधानमंत्री हसीना ने विरोध प्रदर्शन को आतंकी गतिविधि करार देते हुए इन तत्वों को सख्ती से दबाने का निर्देश दिया। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक, शेख हसीना ने एक सुरक्षा मामलों की राष्ट्रीय समिति की बैठक भी बुलाई। जिसमें सेना, नौसेना, वायु सेना, पुलिस, आरएबी, बीजीबी और अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों ने भाग लिया। बांग्लादेशी सरकार के इस रुख को देखते हुए प्रदर्शनकारियों के अंदर गुस्सा और भड़का दिया, जिसका नतीजा बांग्लादेश के मौजूदा हालात हैं।

## घातक और व्यापक अशांति फैली

इस तनाव ने देशभर में घातक और व्यापक नागरिक अशांति को जन्म दिया, जिसमें 120 से अधिक लोगों की जान चली गई। बांग्लादेश की शीर्ष अदालत ने अंततः नौकरी के आवेदकों के लिए विवादास्पद कोटा प्रणाली को वापस ले लिया, लेकिन इसे पूरी तरह से समाप्त नहीं किया।

## चीफ जस्टिस के आवास पर तोड़फोड़

प्रदर्शनकारी मुख्य न्यायाधीश के आवास पर तोड़फोड़ कर रहे हैं। कई लोग हेयर रोड नंबर 19 स्थित मुख्य न्यायाधीश के आवास की चारदीवारी पर चढ़ रहे थे। अंदर से चिल्लाने और तोड़फोड़ की आवाजें आ रही थीं।

## बांग्लादेश में आर्मी चीफ सरकार बनाएंगे या केयर टेकर रहेंगे?

बांग्लादेश में सोमवार को यह चर्चा रही कि आर्मी चीफ वकर-उज-जमान सरकार बनाएंगे या केयर टेकर रहेंगे। सुबह उन्होंने कहा था कि वे अंतरिम सरकार बनाएंगे। इससे पहले शेख हसीना ने पीएम पद से इस्तीफा देकर देश छोड़कर भाग गईं। आर्मी जनरल ने कहा, "मैं पूरी जिम्मेदारी लेता हूं।" वैसे इतना साफ था कि बांग्लादेश में फिलहाल अंतरिम सरकार बनेगी। शाम होते होते उन्होंने ऐलान कर दिया कि वे सत्ता संभालेंगे।

## हिंदू मंदिरों और हिंदुओं को बना रहे निशाना

बांग्लादेश में हिंसा के दौरान प्रदर्शनकारी हिंदुओं को निशाना बना रहे हैं। रविवार को हुई भीषण झड़प में 14 पुलिसकर्मियों समेत 100 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों अन्य घायल हो गए. कट्टरपंथियों ने हिंदुओं और मंदिरों पर हमले किए। रिपोर्ट के मुताबिक इस्कॉन और काली मंदिरों समेत हिंदुओं के घरों को निशाना बनाया गया। हंगामे को देखते हुए भक्तों को शरण लेने के लिए मजबूर पड़ा। हिंसा में एक हिंदू की भी मौत हुई है। ऐसे में भारत सरकार ने एडवाइजरी जारी की है। भारत ने लोगों को यात्रा से बचने को कहा। बांग्लादेश में इस समय इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क बंद कर दिया गया है, वहां पूरे देश में कर्फ्यू लागू है।

## आज रात तक निकाल लेंगे संकट का समाधान

बांग्लादेश के सेना प्रमुख वेकर-उज-जमान ने घोषणा की, "हम विरोध प्रदर्शन करके कुछ भी हासिल नहीं कर पाएंगे। हम अराजकता खत्म कर देंगे। राष्ट्रीय एकता की जरूरत पर जोर देते हुए उन्होंने राष्ट्रपति के साथ स्थिति पर चर्चा करने की बात भी कही। उन्होंने आगे कहा, "देश में कर्फ्यू या किसी आपातकाल की जरूरत नहीं, आज रात तक निकाल लेंगे संकट का समाधान।"

### इजराइल पर कभी भी हमला कर सकता है ईरान...

# US ने की G-7 से बात

**एजेंसी** | तेल अवीव

ईरान में हमास चीफ इस्माइल हानियेह की मौत के बाद से मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ गया है। इस बीच अमेरिकी मीडिया हाउस एक्सियोस ने दावा किया है कि अमेरिका और इजराइल के अधिकारियों के मुताबिक ईरान इजराइल पर कभी भी हमला कर सकता है। ईरान के हमले से निपटने की तैयारी में इजराइल की मदद के लिए अमेरिकी सेंट्रल कमांड फोर्स के चीफ जनरल माइकल कुरेला तेल अवीव पहुंच गए हैं। वहीं खतरे को देखते हुए अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपने हथियारों की तैनाती बढ़ा दी है।

अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन के मुताबिक मिडिल ईस्ट में तैनात अमेरिकी सैनिकों और इजराइल की रक्षा के लिए नए फाइटर जेट्स, डिस्ट्रॉयर्स और एयरक्राफ्ट कैरियर्स भेजे जा रहे हैं। अमेरिका ने वादा किया है कि वह इजराइल की हिफाजत जरूर करेगा। इस बीच रविवार को अमेरिकी विदेश मंत्री ने G7 देशों के विदेश मंत्रियों से मिडिल ईस्ट में तनाव कम करने पर चर्चा की। यह आशंका है कि अगर यह युद्ध शुरू होता है तो जल्द ही महायुद्ध में तब्दील हो सकता है।



## अमेरिकी विदेश मंत्री एक्टिव मोड पर

एक अमेरिकी समाचार वेबसाइट ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि इस मीटिंग में ब्लिंकन ने अपने सहयोगी देशों से कहा कि ईरान-हिजबुल्लाह अब किसी भी क्षण इजराइल पर हमला कर सकते हैं। ब्लिंकन ने कहा कि हमें हमलों की ठीक टाइमिंग के बारे में नहीं पता है मगर हमारा अंदाजा है कि ये अगरे 24 से 48 यानी कि सोमवार-मंगलवार को शुरू हो सकता है। ब्लिंकन ने G7 देशों के विदेश मंत्रियों से ईरान, हिजबुल्लाह और इजराइल पर संयम बनाए रखने के लिए कूटनीतिक दबाव डालने को कहा है।

## जॉर्डन के विदेश मंत्री ईरान पहुंचे

इजराइल पर बढ़ते ईरानी हमले के बीच जॉर्डन के विदेशमंत्री अयमान सफादी रविवार को ईरान की राजधानी तेहरान पहुंचे थे। उन्होंने वहां ईरानी विदेशमंत्री अली बघेरी कानी के साथ मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच मिडिल-ईस्ट में बढ़ते तनाव को कम करने पर बातचीत हुई। सफादी ने कहा कि हम चाहते हैं कि तनाव खत्म हो। माना जा रहा है कि ईरान अगर इजराइल पर अटैक करता है तो अमेरिका शांत नहीं बैठ सकेगा।


**इजराइल-हमास जंग**

# गाजा से इजराइल पर बरसी मिसाइलें

■ हमास के अल कस्साम ब्रिगेड ली जिम्मेदारी

**एजेंसी** | गाजा

हमास ने इजराइल पर मिसाइल से हमला किया है। इस बात की पुष्टि इजराइल की सेना ने खुद किया है। इजराइली सेना ने बताया कि दक्षिणी गाजा पट्टी से इजराइल की ओर पांच मिसाइलें आती देखी गईं। मीडिया रिपोर्ट में रविवार को बताया गया कि हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने हमले की जिम्मेदारी ली है। इजराइल रक्षा बलों (IDF) ने एक बयान में कहा कि दक्षिणी इजराइल में हाफ अश्केलोन क्षेत्रीय परिषद क्षेत्र में एक मिसाइल गिरी है। हालांकि इसमें किसी के घायल होने की खबर नहीं है। मिसाइलों को दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस से दागा गया है।



## अल-कस्साम ब्रिगेड ने क्या कहा?

गाजा पट्टी के खान यूनिस से दागी गई मिसाइलों की अल-कस्साम ब्रिगेड ने जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि हमने फिलिस्तीनी लोगों और अपने नेताओं के खिलाफ किए गए नरसंहार के जवाब में गन यावने और अशदोद की ओर रॉकेटों की बौछार की।

## ताजा अटैक में 33 फिलिस्तीनियों की मौत

उधर, इजराइल की तरफ से गाजा पर लगातार अटैक चल रहा है। ताजा हमले के बाद गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में इजराइली सेना ने 33 फिलिस्तीनियों को मारा है। 118 लोग घायल हैं। अक्टूबर 2023 के बाद फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष में मरने वालों की कुल संख्या 39,583 और घायलों की संख्या 91,398 हो गई।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl